नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -14 ◆ अंकः 260 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, शुक्रवार 29 जुलाई 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -3 पर

आदिवासी महिला राष्ट्रपति का अपमान कर कांग्रेस नेता ने ...



पेज -8 पर

स्वामी आत्मानन्द स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया हरेली तिहार

कर्मचारियों के धरना स्थल पहुंचे बीजेपी अध्यक्ष

## विष्णुदेव साय ने कहा- मांग जायज, देना होगा हक, प्रदेश के सरकारी दफ्तर ठप, इसके लिए कांग्रेस जिम्मेदार

**रायपुर।** रायपुर के बूढ़ापारा स्थित धरना स्थल पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदेव साय पहुंचे। यहां अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के धरने में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए विष्णुदेव साय ने कहा कि आज प्रदेश के कर्मचारियों का जो हाल है उसकी जिम्मेदार कांग्रेस है। कांग्रेस की वजह से आज प्रदेश का काम काज ठप हो गया पूरे प्रदेश में पांच लाख कर्मचारी आंदोलन कर रहे हैं।

केंद्र सरकार ने जब केंद्रिय कर्मचारियों के लिए डीए घोषित किया तो राज्य में भी किया जाना था। कर्मचारियों की मांग पूरी तरह जायज़ है और यह उनका हक़ है जिसे उन्हें देना होगा। इस आंदोलन को भाजपा छत्तीसगढ़ अपना पूरा समर्थन देती है। भाजपा नेता गौरीशंकर श्रीवास और अनुराग अग्रवाल ने बताया कि इस दौरान




प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव ने 88 कर्मचारियों के संगठन के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और इस लड़ाई जारी रखने को कहा।

### हर महीने 14 हजार तक नुकसान

छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि यदि मौजूदा दौर में महंगाई भत्ता और भाड़ा भत्ता लागू कर दिया जाए तो हर कर्मचारी को 4 से 14 हजार अधिक मिलेंगे। इस तरह से देखा जाए तो हर महीने सरकारी दफ्तर में काम करने वाले हर कर्मचारी का 4 से 14 हजार रुपए महीने का नुकसान हो रहा है। प्रदेश के अलग-अलग विभागों में लगभग 5 लाख कर्मचारी काम करते हैं इस आंदोलन में सभी कर्मचारी संगठन एक साथ हैं।

## छत्तीसगढ़ गौ-मूत्र खरीदी करने वाला देश का पहला राज्य

मुख्यमंत्री ने आज हरेली पर्व से राज्य में गौ-मूत्र खरीदी का किया शुभारंभ

रायपुर। छत्तीसगढ़ में जैविक खेती को बढ़ावा देने एक और पहलमुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में धूम-धाम से आयोजित हरेली पर्व के अवसर पर राज्य में गौ-मूत्र की खरीदी की ऐतिहासिक की शुरूआत की।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर चंदखुरी की निधि स्व-सहायता समूह को 5 लीटर गौ-मूत्र 20 रूपए में बेचकर राज्य के पहले विक्रेता बने। निधि स्व-सहायता समूह ने गौ-मूत्र विक्रय की यह राशि श्री भूपेश बघेल के आग्रह पर मुख्यमंत्री सहायता कोष के खाते में जमा की।



### छत्तीसगढ़ में जैविक खेती को बढ़ावा देने एक और पहल

छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है, जो पशुपालक ग्रामीणों से दो रूपए किलो में गोबर खरीदी के बाद अब 4 रूपए लीटर में गौ-मूत्र की खरीदी कर रहा है। मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में धूम-धाम से आयोजित हरेली पर्व के मौके पर मुख्यमंत्री ने कृषि यंत्रों की पूजा की और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने गौ-माता को चारा खिलाया और उसकी पूजा की। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर राज्य के जैविक खाद उत्पादक 7442 महिला स्व-सहायता समूहों को 17 करोड़ रूपए की प्रोत्साहन (बोनस) राशि का भी वितरण किया। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि गोधन न्याय योजना के

**मुख्यमंत्री गौ-मूत्र विक्रय कर बने प्रथम विक्रेता**

**छत्तीसगढ़ में जैविक खेती को बढ़ावा देने एक और पहल**

**गौठानों में जैविक खाद के साथ-साथ अब जैविक कीटनाशक का होगा उत्पादन**

बहुआयामी परिणामों को देखते हुए देश के अनेक राज्य इसको अपनाने लगे हैं। इस योजना के तहत अमीर हो या गरीब सभी दो रूपए किलो में गौठानों में गोबर बेच रहे हैं। बीते दो सालो में गोधन न्याय योजना के माध्यम से गोबर विक्रेताओं, गौठान समितियों और महिला समूहों के खाते में 300 करोड़ रूपए से अधिक की राशि अंतरित हुई है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में खेती-किसानी समृद्ध हो, किसान खुशहाल हो यह हमारी कोशिश है। जैविक खाद और जैविक कीटनाशक का खेती में उपयोग करने से खेती की लागत में कमी आएगी। खाद्यान्न की गुणवत्ता बेहतर होगी, जिससे जन-जीवन का स्वास्थ्य बेहतर होगा। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार देश की इकलौती सरकार है, जो अपने राज्य के पशुपालक ग्रामीणों से बीते दो सालों से गोबर खरीद रही है। आज 28 जुलाई को हरेली पर्व से छत्तीसगढ़ में गौ-मूत्र की सरकारी खरीदी की विधिवत शुरूआत हो गई है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की यह पहल वास्तव में राज्य में पशुपालन के संरक्षण और संवर्धन के साथ-साथ पशुपालक की आय और जैविक खेती को बढ़ावा देना है। राज्य में बीते दो सालों से गोबर की खरीदी और इससे जैविक खाद के निर्माण से राज्य में जैविक खेती को बढ़ावा मिला है।

## एक नजर

### तीसरे दिन भी जारी रहा हड़ताल

**नगरी ।** रावणभाठा मैदान नगरी में पांच दिवसीय हड़ताल पर बैठे अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन की हड़ताल, आज तीसरे दिन भी जारी रही ।कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय गीत अरपा पैरी के धार महानदी हे अपार से शिक्षक सरोज कश्यप के द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के वंदना किया गया। आज के महिला वर्ग के कर्मचारी अधिकारी मुख्य अतिथि के आसंदी पर विराजमान थे । श्रीमती ममता प्रजापति ,सुलोचना नाग, कृष्णा ध्रुव, टोमीन साहू ,संध्या साहू, ईश्वरी ध्रुव, चंद्र कुमारी नवरंगे,शशि सिन्हा, स्नेह लता कुर्रा थे। कल की अपेक्षा आज अधिक लोगों ने उपस्थिति दर्ज की और शासन के खिलाफ खूब नारेबाजी की गई ।

### ट्रक की चपेट में आने से महिला की मौत

**कवर्धा ।** त्यौहार की खुशियों के बीच एक परिवार की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गई, जब महिला की दुर्घटना में दर्दनाक मौत की सूचना परिवार को मिली। थाना पंडरिया के बिरकोना गांव में एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पार कर रही 45 वर्षीय महिला को रौंद दिया. जिससे महिला की मौके पर मौत हो गई। मृतिका का नाम सुनी बाई है. पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 'मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

रायपुर। प्रथम चरण में राज्य के नौ जिलों में जाएगा रथ- दुर्ग जिले से होगी शुरूआतमुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज हरेली के अवसर पर अपने आवास परिसर से मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और अपनी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की शुरूआत छत्तीसगढ़ के राजगीत से हुई। ''बात हे अभिमान के महिला मन के सम्मान के'' सूत्र वाक्य के साथ यह यात्रा शुरू हुई।



छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की पहल पर प्रदेश की महिलाओं को उनके संवैधानिक अधिकारों और कानूनों की जानकारी देकर जागरूक करने और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से यह न्याय रथ यात्रा शुरू की गई है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने महिलाओं की सुरक्षा, न्याय और उन्हें अधिकार सम्पन्न बनाने की शपथ भी दिलाई। इस मौके पर महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया, उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा, खाद्य मंत्री श्री अमरजीत भगत, वन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर, छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत श्री राम सुंदर दास, विधायक श्री सत्यनारायण शर्मा, राज्य खाद्य आपूर्ति निगम के अध्यक्ष श्री रामगोपाल अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।




मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ यात्रा राज्य महिला आयोग के माध्यम से संचालित की जाएगी। यह रथ सभी जिलों के गांव-गांव तक भ्रमण कर लोगों को शॉर्ट फिल्मों, संदेशों और ब्रोशर के माध्यम से महिलाओं के कानूनी प्रावधानों और उनके संवैधानिक अधिकारों के बारे में अवगत कराएगा। प्रथम चरण में रथ प्रदेश के नौ जिलों में जाएगा।

## दिल्ली में दिखी छत्तीसगढ़ी संस्कृति और पर्व की झलक

कृषि परंपरा से जुड़ा पर्व 'हरेली' छत्तीसगढ़ भवन में धूमधाम से मनाया

**रायपुर/नई दिल्ली ।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के तीज-त्यौहार, परंपरा एवं संस्कृति को आगे बढ़ाने की पहल की है। देश की राजधानी दिल्ली में लोग राज्य की लोक संस्कृति से जुड़ सकें इसके लिए छत्तीसगढ़ भवन में हरेली पर्व का आयोजन किया गया।

हरेली पर नई दिल्ली के लुटिएन्स ज़ोन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही छत्तीसगढ़ी पकवानों की खुशबू भी बिखरी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजनों का भी दिल्लीवासियों ने जमकर लुत्फ उठाया। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कहना है कि आयोजन का उद्देश्य लोगों को अपनी परंपरा और संस्कृति से जोड़ना है, ताकि लोग छत्तीसगढ़ की समृद्ध कला-संस्कृति, तीज-त्यौहार एवं परंपराओं पर गर्व की अनुभूति कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ का लोक पर्व 'हरेली' कृषि परंपरा और पर्यावरण की महत्ता को दर्शाता है। इसे अंचल का प्रथम त्योहार माना जाता है। धान की बुआई के बाद किसानों द्वारा हरेली के दिन सभी कृषि एवं लौह औज़ारों की पूजा कर अच्छी फ़सल और स्वास्थ्य की कामना की जाती है। इस त्यौहार का विशेष व्यंजन चावल से बना 'चीला', चौसेला, खीर आदि है, जिसे प्रसाद स्वरूप बांटा जाता है।

## मुख्यमंत्री निवास में बिखरी छत्तीसगढ़ी संस्कृति के रंग-बिरंगी छटा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी लोक संगीत, लोक नृत्य, खेल, मड़ई और व्यंजनों के साथ छत्तीसगढ़ी लोक संगीत, लोक नृत्य, खेल, मड़ई और व्यंजनों के साथराजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में आज परंपरागत रूप से छत्तीसगढ़ के पहले त्यौहार हरेली धूमधाम से मनाई गई। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने अपनी धर्मपत्नी मती मुक्तेश्वरी बघेल और अन्य परिजनों के साथ विधिवत रूप से ग्राम्य देवी-देवताओं, तुलसी माता, नांगर, खेती में काम आने वाले औजारों, गेड़ी और गौमाता की पूजा कर अच्छी फसल की कामना की। उन्होंने पूरे प्रदेशवासियों को हरेली पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दीं। पूरी तरह ग्रामीण परिवेश में सजे-धजे मुख्यमंत्री निवास में हरेली पर चारों ओर छत्तीसगढ़ी संस्कृति की छटा दिखाई दी। आयोजन में मौजूद लोगों ने छत्तीसगढ़ी लोक संगीत, लोक नृत्य, पारंपरिक गड़वा बाजा, राऊत नाचा, गेड़ी नृत्य, खेल, रैचुली और व्यजंनों का आनंद लिया।



## मुख्यमंत्री ने एग्रीकल्चर ड्रोन सॉल्यूशन किया लांच

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार हाईटेक तरीकों पर काम कर रही है जिससे खेती किसानी के विकास के लिए नई संभावनाओं के द्वार खुल गए हैं। आज दुर्ग जिले के पाटन विकासखण्ड के ग्राम करसा गांव में हरेली तिहार के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कंप्लीट एग्रीकल्चर ड्रोन सॉल्यूशन की लांचिंग की।

एग्रीकल्चर ड्रोन के माध्यम से 4 एकड़ खेतों में आधे घंटे के भीतर दवा का छिड़काव हो सकेगा। मशीन के माध्यम से दवा की मात्रा भी निर्धारित की जा सकेगी। अमूमन एक किसान को इसके लिए 1 एकड़ हेतु 3 घंटे का वक्त लगता है। ग्रामीण क्षेत्रों में छिड़काव के लिए लेबर मिलने में भी परेशानी होती है। इसके माध्यम से किसानों की समय की बचत भी होगी और समूहों की आय भी बढ़ेगी। एग्रीकल्चर ड्रोन सॉल्यूशन के साथ ही एग्री एम्बुलेंस भी होगी जिसमें एग्रीकल्चर लैब की सुविधा भी होगी जिसमें किसान साइल टेस्टिंग आदि करा सकेंगे।



## नक्सलियों ने जवानों को दिग्भ्रमित करने फर्जी एंबुस लगाया

**दंतेवाड़ा ।** जिले के पल्ली-बारसूर रोड में नक्सलियों ने जवानों को दिग्भ्रमित करने के लिए पेड़ के आड़ में पुतला खड़ा कर दिया है। उस पुतले के हाथ में लकड़ी से बना हथियार भी है। दूर से देखने पर वह हथियारबंद नक्सली की तरह दिख रहा था। बंदूक पकड़े पुतला को पेड़ के सहारे खड़ा किया गया था। ऐसा लग रहा था मानों कोई व्यक्ति बंदूक लेकर किसी को निशाना लगा रहा हो। नक्सलियों ने फर्जी एंबुस लगाकर यह कायराना करतूत किया है। शहीदी सप्ताह को लेकर नक्सल क्षेत्रों में तैनात जवान लगातार सर्चिंग कर नक्सलियों के नापाक मंसूबों को नाकाम करने में लगे हुए हैं।

**प्रदर्शनी...** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कर रहे अपनी प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने का काम

## हरेली तिहार पर मुख्यमंत्री निवास में लगी छत्तीसगढ़ी वाद्य यंत्रों की प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र

रायपुर। हरेली तिहार के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी पारंपरिक वाद्य यंत्रों की प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही। मांदर, मोहरी, बंसी, अलगोजा, बांस, तम्बूरा (तमूरा), चटका, खिरखिरा आदि वाद्य यंत्रों को देख लोगों को अपने प्राचीन सांस्कृतिक धरोहरों को जानने समझने का मौका मिला।

गौरतलब है कि माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल अपनी प्राचीन सांस्कृतिक धरोहरों को सहेजने का काम कर रहे हैं। उनके कार्यों से देश भर को छत्तीसगढ़ी भाषा,कला, संस्कृति एवं सभ्यता को जानने का मौका मिल रहा है। उनके द्वारा अरपा पैरी के धार गीत को राज्यगीत का दर्जा दिलाने का सबसे महत्वपूर्ण कार्य किया गया ।आदिवासी बहुल क्षेत्रों में देवगुड़ी का जीर्णोद्धार करवाया जा रहा है, साथ ही आदिवासी नृत्य महोत्सव भी आयोजित की जा रही है ।छत्तीसगढ़ की संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए





शासन द्वारा बीते साढ़े तीन वर्षों के दौरान उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों के क्रम में स्थानीय तीज-त्यौहारों पर भी अब सार्वजनिक अवकाश दिए जाते हैं। इनमें हरेली तिहार भी शामिल है। जिन अन्य लोक पर्वों पर सार्वजनिक अवकाश दिए जाते है - तीजा, मां कर्मा जयंती, मां शाकंभरी जयंती (छेरछेरा), विश्व आदिवासी दिवस और छठ। गौरतलब है कि वर्ष 2020 में हरेली पर्व के ही दिन मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने गोधन न्याय योजना की शुरूआत की थी जो केवल 02 वर्षों में अपनी सफलता को लेकर अन्य राज्यों के लिए नजीर बन गई है। इस योजना का देश के अनेक राज्यों द्वारा अनुसरण किया जा रहा है।

पॉकेट मनी के लिए लूट

## 18-19 साल के लड़कों ने बनाया गैंग, भरे बाजार युवक से 10 हजार लूटे, पर पकड़े गए

**रायपुर।** रायपुर के उरला इलाके की पुलिस ने चार दोस्तों को गिरफ्तार किया है। इन चारों ने गैंग बनाकर चोरी और लूट की वारदात को अंजाम देने का प्लान बनाया। एक युवक को लूटा भी मगर कुछ ही देर में पकड़े गए। 18- 19 साल के लड़कों ने पैसे कमाने का शॉर्टकट इस्तेमाल करते हुए गुनाह की दुनिया में कदम रख दिया। इससे पहले मारपीट की छोटी मोटी वारदातों में भी शामिल रहे थे। गिरफ्तार हुए लड़कों में 19 साल का सूरज डांडिया, 18 साल का सूरज साहू, 18 साल का मनीष साहू और 21 साल का पुरुषोत्तम विश्वकर्मा शामिल है। यह सभी




बिरगांव इलाके की ही रहने वाले हैं। चारों लूट की वारदात में शामिल थे। कानू शरण नाम का युवक उरला के बाजार में सब्जी खरीदने गया था। तभी सूरज और उसके दोस्तों ने कानू को घेर लिया। पहले उसका मोबाइल लूटने की कोशिश की। सफल नहीं हुए तो मारपीट करते हुए कानु के जेब में रखे 10 हजार लूट कर भाग गए। लोगों ने पुलिस को खबर दी।

# आने वाले दशक पृथ्वी के लिए तबाही भरे होंगे, बदलते मौसम हैं संकेत


**पूरी दुनिया के मौसम और जलवायु में तेजी से परिवर्तन हो रहा है। पृथ्वी का औसत तापमान बढ़ता जा रहा है। ऐसे में अब समय आ गया है जब हम सबको पूरी गंभीरता और जवाबदेही के साथ प्रकृति के संरक्षण के बारें में सोचना होगा। 28 जुलाई को दुनियाभर में मनाया जाने वाला विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस एक और महत्वपूर्ण दिन है जो हमें हमारे जीवन में प्रकृति के महत्व की याद दिलाता है और इसे संरक्षित करने के लिए प्रोत्साहित करता है।**

विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस (वर्ल्ड नेचर कंजर्वेशन डे ) प्राकृतिक संसाधनों के महत्व के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। तकनीकी विकास और आधुनिक जीवन शैली की वजह से पर्यावरण में असंतुलन बना हुआ है।

### देश और दुनिया का बदलता मौसम

देश और दुनिया में प्राकृतिक आपदाओं का आना इसी का संकेत है। एशिया के साथ-साथ पहली बार यूरोप में भीषण गर्मी का प्रकोप झेल रहा है। गर्मी की वजह से ब्रिटेन के इतिहास में पहली बार नेशनल इमरजेंसी की घोषणा करते हुए रेड वॉर्निंग जारी करनी पड़ी है।

उधर, लंदन के ल्यूटन एयरपोर्ट की हवाई पट्टी गर्मी की वजह से पिघल गई और कई घंटों के लिए विमानों की आवाजाही को बंद करना पड़ा। फ्रांस ,स्पेन और ब्रिटेन में गर्मी की वजह से हाहाकार मचा हुआ है ब्रिटेन के कई शहरों में स्कूल-कॉलेज गर्मी की वजह से बंद करना पड़ा है।




आज 28 जुलाई को दुनियाभर में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस मनाया जाता है। लेकिन ये दिवस अब केवल कागजों और आयोजनों के भीतर कैद हो गए हैं। असली दुनिया बदल रही है। मौमस बदल रहे हैं। एशिया के साथ-साथ पहली बार यूरोप में भीषण गर्मी का प्रकोप झेल रहा है। गर्मी की वजह से ब्रिटेन के इतिहास में पहली बार नेशनल इमरजेंसी की घोषणा करते हुए रेड वॉर्निंग जारी करनी पड़ी है। हालात कुछ समय बाद इतने बिगड़ने जा रहे हैं कि इसका अंदाजा पूरी मनुष्य सभ्यता को नहीं

यूरोप जिन देशों ने कभी गर्मी नहीं झेला वो देश भी इस बार बढ़ते पारे से बेहाल और परेशान हैं। फ्रांस, ग्रीस, पुर्तगाल, ब्रिटेन,स्पेन ये वो देश हैं जहां पारा 40 के पार हैं ओर लोग इतनी गर्मी झेल नहीं पा रहे हैं। विश्व मौसम विज्ञान संगठन के अनुसार यूरोप में चल रही हीटवेव, विशेष रूप से दक्षिण-पश्चिम क्षेत्रों में अफ्रीका से आने वाली गर्म हवाओं के कारण हो रही है और इस गर्मी में इस तरह की और अधिक हीटवेव की उम्मीद है।

विशेषज्ञों के अनुसार जलवायु परिवर्तन इस हीटवेव को मुख्य वजह है. वहीं ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन (जीएचजी), जो कोयले, गैस और तेल जैसे जीवाश्म ईंधन को जलाने से आता है, वो हीटवेव को अधिक गर्म और खतरनाक बना रहा है।

पिछले दिनों आश्चर्जनक रूप से पृथ्वी के दो सिरे कहे जाने वाले दक्षिणी ध्रुव और उत्तरी ध्रुव में तापमान में अचानक ऐसा उछाल आया कि सारे रिकॉर्ड टूट गए। अंटार्कटिक और आर्कटिक दोनों ही जगह तापमान में एक साथ और अचानक रिकॉर्ड वृद्धि हुई।

हाल में ही पूर्वी अंटार्कटिक में कुछ जगहों पर तापमान औसत से 40 डिग्री सेल्सियस ज्यादा दर्ज किया गया। मौसम विज्ञानी इटिएने कापीकियां ने ट्वीट कर बताया कि समुद्र से 3,234 मीटर ऊंचाई पर स्थित कॉनकॉर्डिया मौसम स्टेशन पर -11.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ जो अब तक का सबसे ज्यादा है। इसी तरह अंटार्कटिक के वोस्तॉक स्टेशन पर तापमान 15 डिग्री से ज्यादा उछल गया जबकि मौसमी घटनाओं पर नजर रखने वाले मैक्सीमिलानो ने ट्वीट किया कि टेरा नोवा बेस पर तापमान सामान्य से 7 डिग्री ज्यादा था। यही हाल धरती के दूसरे सिरे पर भी था, आर्कटिक पर मार्च के औसत तापमान में 30 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। नॉर्वे और ग्रीनलैंड में भी गर्मी के नए प्रतिमान स्थापति हो रहे हैं। जलवायु परिवर्तन बहुत तेज गति से देश और पूरी दुनिया को प्रभावित कर रहा है। ग्लोबल वार्मिंग की वजह से बड़े पैमाने पर ग्लेशियर्स पिघल रहें हैं। ऑस्ट्रेलिया की एक जलवायु वैज्ञानिक और न्यू साउथ वेल्स विश्वविद्यालय में रिसर्च फेलो जोई थॉमस के अनुसार हाल में हुई मानवीय गतिविधियों ने ग्लोबल वार्मिंग को तेज कर दिया है और इसकी वजह से अंटार्कटिका में बड़े पैमाने पर बर्फ पिघल सकती है।

शशांक द्विवेदी

## संपादकीय

### स्मृति ईरानी अकेले लड़ रही हैं!

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी भाजपा की फायरब्रांड राजनीति की मस्कट हैं। उन्होंने राहुल गांधी को अमेठी सीट पर हराया है और नेहरू-गांधी परिवार के खिलाफ हमले की बागडोर वे संभालती रही हैं। लेकिन उनकी बेटी के ऊपर गैरकानूनी बार चलाने का आरोप लगा और विवाद बढ़ा तो वे कांग्रेस पार्टी से अकेले ही लड़ रही हैं। पार्टी के दूसरे नेता उनके समर्थन में नहीं उतरे हैं। न किसी नेता या प्रवक्ता ने उनके समर्थन में प्रेस कांफ्रेंस की, न किसी ने बयान दिया और न ट्विटर पर कोई अभियान चला। स्मृति ईरानी ने इस विवाद को राजनीतिक रूप भी दिया। उन्होंने कहा कि चूंकि उन्होंने राहुल गांधी को चुनाव हराया और नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया-राहुल के खिलाफ प्रेस कांफ्रेंस की इसलिए उनकी बेटी को निशाना बनाया जा रहा है। इसके बावजूद भाजपा के नेता कांग्रेस विरोध में नहीं उतरे और उनका बचाव किया। बाद में ईरानी ने कांग्रेस नेताओं को कानूनी नोटिस भेजा। लेकिन कांग्रेस नेताओं ने उस पर ध्यान नहीं दिया। इसलिए ऐसा लग रहा है कि उस मामले में आगे कानूनी लड़ाई चलेगी। उधर गोवा में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता उस बार तक प्रदर्शन करने पहुंच गए, जिसके बारे में उनका दावा है कि यह बार स्मृति ईरानी की बेटी का है। उन्होंने वहां पहुंच कर खूब ड्राम किया और डिस्प्ले बोर्ड पर चिपकाया गया काला कागज उखाड़ कर दिखाया कि विवाद शुरू होने के बाद डिस्प्ले बोर्ड पर लिखे गए बार शब्द को ढक दिया गया था। कांग्रेस नेताओं के इस प्रदर्शन के विरोध में गोवा भाजपा के नेता सड़क पर नहीं उतरे, जबकि वहां भाजपा की सरकार है।

# चिकित्सा में क्रांति से जटिल रोगों के उपचार की उम्मीद जगी

**नई तकनीकों के आविष्कार से चिकित्सा जगत में ऐसी क्रांति हुई है, जिसने जटिल रोगों के उपचार और मानव स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के नए द्वार खोल दिए हैं। इससे आधुनिक चिकित्सा पद्धति को बहुत मदद मिली है। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल ऑपरेशन थियेटरों में होता है और इससे सर्जरी करने वाले डॉक्टरों को बेहतर अनुमान हासिल करने में मदद मिलती है। आभासी तकनीक का इस्तेमाल मानसिक रोगों के इलाज के लिए कृत्रिम माहौल बनाने में किया जा सकता है।**

एआई का दायरा दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। यह कम समय और कम लागत में वह काम कुशलतापूर्वक करता है, जो मनुष्य कर सकता है। एआई विभिन्न लक्षणों की निगरानी, आपातकालीन देखभाल में सहायता के माध्यम से बीमारियों का पता शुरुआती चरणों में ही लगाने में मदद करता है। रोबोट कठिन और आवश्यक सर्जरी में डॉक्टरों की मदद कर रहे हैं। रोबोटिक्स पुनर्वास केंद्रों में भी व्यायाम और उपचार के साथ व्यक्तियों की सहायता करते हैं। ट्रामा, ट्यूमर और संक्रमण की वजह से होने वाली हड्डी संबंधी बीमारी के इलाज में 3-डी प्रिंटिंग की वजह से क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिला है। दरअसल, 3-डी प्रिंटिंग के जरिये छिद्रयुक्त कस्टमाइज प्रत्यारोपण संभव होता है और इससे अंगों की सुरक्षा में मदद मिलती है। कई मामलों में अंग-विच्छेदन को रोका जा सकता है। जीनोम अनुक्रमण तकनीक की



**रेडियोलॉजी चिकित्सा विज्ञान में आधुनिक तकनीकों का काफी ज्यादा प्रभाव देखने को मिल रहा है। इसके तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग एल्गोरिद्म की मदद से असामान्य तस्वीरों के बारे में सूचना हासिल की जा सकती है।**

मदद से शुरुआती चरण में ट्यूमर का पता लगाया जा सकता है। गणितीय मॉडल के आधार पर सफलता/जटिलताओं आदि के बारे में भविष्यवाणी करने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस /मशीन लर्निंग का अहम योगदान रहा है। मरीजों के लक्षणों के आधार पर गंभीर बीमारियों का पता लगाने के लिए एल्गोरिद्म के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल होता है। इससे अलग-अलग इलाज के लिए बेहतर सलाह भी मिल पाती है। नई तकनीकों के जरिये डॉक्टर मरीज से दूर रहकर भी जरूरी सलाह दे सकते हैं। चिकित्सा शिक्षा संस्थानों में बड़े पैमाने पर सिमुलेशन प्रयोगशालाओं में सीखने की प्रक्रिया सामान्य कक्षाओं के मुकाबले ज्यादा दिलचस्प है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग (एचपीसी), आईओटी सेंसर और 5जी जैसी आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल से आबादी संबंधी डाटा का सटीक विश्लेषण किया जा सकेगा और सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जाने वाले उपायों को ज्यादा प्रभावी, वास्तविक समय और लोगों की जरूरतों के हिसाब से सटीक बनाया जा सकेगा। इस तरह 'सभी के लिए स्वास्थ्य' लक्ष्य पर बेहतर तरीके से अमल संभव हो सकेगा।

जियोस्पेशल तकनीक, वीयरेबल तकनीक, माइक्रोब्लॉगिंग से जुड़ी निगरानी, 3डी प्रिंटिंग, टेलीहेल्थ, क्लाउड आधारित इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य आधारभूत संरचना, ड्रोन तकनीक और इंटरनेट ऑफ मेडिकल थिंग्स जैसी आधुनिक तकनीक सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अहम है। रेडियोलॉजी चिकित्सा विज्ञान में आधुनिक तकनीकों का काफी ज्यादा प्रभाव देखने को मिल रहा है। इसके तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग एल्गोरिद्म की मदद से असामान्य तस्वीरों के बारे में सूचना हासिल की जा सकती है, ताकि गंभीर बीमारियों के बारे में जल्द से जल्द जानकारी हासिल की जा सके।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वाले सॉफ्टवेयर कम रेडिएशन के साथ तस्वीर की गुणवत्ता बेहतर बनाने, बीमारी का सही-सही पता लगाने, कार्यबल क्षमता को बढ़ाने, रेडियोलॉजी विशेषज्ञों का बोझ कम करने, ज्यादा मरीजों पर नजर रखने और डॉक्टरों को उनके मोबाइल फोन पर अलर्ट भेजने में सहायक होते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हमें बेहतर ढंग से बड़ी आबादी तक पहुंचने, बड़े पैमाने पर डाटा से निपटने और व्यक्तिगत स्तर पर चिकित्सा संबंधी उपाय सुझाने में मदद करता है।

निरंकार सिंह

## मिला जुला

# ममता ने पार्थ को मंत्री पद से बर्खास्त किया

### गिरफ्तारी के 5 दिन बाद एक्शन, अर्पिता मुखर्जी बोलीं- मेरे फ्लैट्स में रखते थे कैश

**कोलकाता ।23 जुलाई को अर्पिता मुखर्जी के टॉलीगंज के डायमंड सिटी फ्लैट और 28 जुलाई को उत्तर 24 परगना के बेलघरिया फ्लैट पर ED ने छापेमारी की। पहले दिन 26 घंटे की रेड में 21 करोड़ कैश और दूसरे दिन 18 घंटे की रेड में करीब 28 करोड़ कैश ED ने बरामद किया था।**



पश्चिम बंगाल की CM ममता बनर्जी ने शिक्षक भर्ती घोटाले में गिरफ्तार पार्थ चटर्जी को मंत्री पद से हटा दिया है। पार्थ की गिरफ्तारी के 5 दिन बाद ममता ने ये एक्शन लिया है। दरअसल, बुधवार से गुरुवार तक चली 18 घंटे की रेड में ED ने पार्थ की करीबी अर्पिता मुखर्जी के दूसरे घर से 27.9 करोड़ रुपए कैश और 5 किलो गोल्ड जब्त किया।

कैश के बारे में ED के सवाल पर अर्पिता ने बताया कि ये सारे रुपए पार्थ चटर्जी के हैं। उन्होंने कहा, पार्थ इस घर का इस्तेमाल रुपए रखने के लिए करते थे। मुझे अंदाजा नहीं था कि घर में इतना सारा कैश रखा होगा। इससे पहले पिछले शनिवार को हुई छापेमारी में अर्पिता के घर से 21 करोड़ रुपए कैश और 1 करोड़ रुपए की ज्वेलरी मिली थी।

### ममता ने बताया बड़ी साजिश

*अर्पिता के घर करोड़ों रुपए के कैश-ज्वेलरी मिलने के बाद TMC में ही पार्थ चटर्जी को हटाने की मांग होने लगी थी। गुरुवार को ममता बनर्जी ने उन्हें कैबिनेट से बर्खास्त भी कर दिया। पार्थ पर कार्रवाई के बाद ममता बनर्जी ने कहा- पूरा मामला एक बड़ी साजिश का हिस्सा है। सिर्फ एक लड़की के घर से रुपए बरामद हुए हैं। पार्थ को इसलिए हटाया क्योंकि TMC भ्रष्टाचार के मामले में बेहद सख्त सख्त पार्टी है। इसे बदला नहीं जा सकता। यह एक बड़ा गेम है, जिसके बारे में अभी ज्यादा बात नहीं कर सकती।*

### ममता सरकार में नंबर-2 की हैसियत रखते थे पार्थ

*ममता सरकार में पार्थ चटर्जी सबसे सीनियर मंत्री थे। वो दक्षिण 24 परगना के बेहला पश्चिम सीट से पांच बार विधायक रह चुके हैं। पार्थ चटर्जी 2011 से लगातार मंत्री थे। वे 2006 से 2011 तक बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भी रह चुके हैं। पार्थ के पास वर्तमान में उद्योग, वाणिज्य और संसदीय कार्य जैसे बड़े मंत्रालयों का प्रभार था। अभिषेक बनर्जी ने आज शाम अनुशासन समिति की बैठक बुलाई है। माना जा रहा है कि पार्थ से पार्टी महासचिव का पद भी छीना जा सकता है।*

# तीन मिनट में सोनिया-स्मृति के बीच आखिर क्या नोकझोंक हुई?

**दिल्ली ।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के खिलाफ कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी की अशोभनीय टिप्पणी को लेकर आज लोकसभा में जमकर हंगामा हुआ। सदन की कार्यवाही के दौरान करीब चार मिनट तक केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस को जमकर घेरा।**




उन्होंने चार बार सोनिया गांधी का नाम लिया और कहा कि उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए। इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही दोपहर चार बजे तक के लिए स्थगित हो गई, लेकिन हंगामा यहीं नहीं थमा। कार्यवाही स्थगित होने के बाद भी सदन के अंदर भाजपा और कांग्रेस सांसदों के बीच तीन मिनट तक जुबानी जंग होती रही।

### पहले जानिए कि कांग्रेस का दावा क्या है?

कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा ने एक चैनल से बातचीत में कहा, जब सदन स्थगित कर दिया गया, उसके बाद हम सभी बाहर जाने लगे। तभी भाजपा के सभी सांसद सोनिया जी का नाम लेकर चिल्लाने लगे। इतने में सोनिया जी वापस आईं। वे महिला सांसदों से बात करना चाहती थीं, इसलिए वे सांसद रमा देवी के पास गईं। तभी भाजपा के सभी सांसद सोनिया जी पर चिल्लाने लगे कि आपको माफी मांगनी चाहिए। वे उंगली दिखा-दिखाकर उनके बारे में बातें कह रहे थे।

### शिंदे बोले, 3 दिन में होगा कैबिनेट का विस्तार

# महाराष्ट्र सीएम बोले- देर हुई पर विवाद नहीं है, विपक्ष ने कहा था- 2 लोगों की सरकार

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के कार्यकाल को एक महीना पूरा होने वाला है। इसलिए जल्द ही शिंदे अपनी कैबिनेट का विस्तार करने वाले हैं। शिंदे ने इस मामले में कहा कि भले ही कुछ देरी हो गई, लेकिन किसी स्तर पर कोई विवाद नहीं है। हम अगले 3 दिन में कैबिनेट का विस्तार करेंगे। वे बोले- सदस्यों के चुनाव में कोई भेदभाव नहीं किया गया है इसलिए यह बहुत सधी हुई टीम होगी। इससे पहले CM एकनाथ इसी संबंध में BJP के वरिष्ठ नेताओं से चर्चा करने बुधवार को दिल्ली जाने वाले थे, लेकिन लास्ट मोमेंट पर प्लान कैंसिल कर दिया। सूत्रों के मुताबिक, कैबिनेट में करीब 45 मंत्री बनाए जा सकते हैं। इनमें 25 भाजपा कोटे से, 13 शिंदे कोटे से और 7 निर्दलीय विधायक शामिल हो सकते हैं।



मुख्यमंत्री शिंदे और उप-मुख्यमंत्री फडणवीस के बीच फैसला होना बाकी है कि कैबिनेट विस्तार कितने चरण में होगा।

### मंत्रिमंडल विस्तार कितने चरणों में हो इस पर निर्णय बाकी

महाराष्ट्र में BJP और शिवसेना गुट के गठबंधन वाली इस कैबिनेट का विस्तार कितने चरणों में होगा, इस पर मुख्यमंत्री और उप-मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के बीच चर्चा होनी बाकी है। शिंदे कैंप में 40 बागी विधायक हैं। ऐसे में 26 विधायकों को साथ रखना आसान नहीं है। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि इन विधायकों को निगम-बोर्ड में एडजस्ट करने की तैयारी है।

### कैबिनेट विस्तार से जुड़ी संभावनाएं

कैबिनेट दो चरणों में एक्सटेंड होती है तो पहले चरण में 19 कैबिनेट मेंबर होंगे। इनमें 12 BJP से और 7 शिवसेना गुट के मंत्री होंगे।

# अब बागी सांसदों को अयोग्य ठहराने की मांग, लोकसभा स्पीकर से मिले शिवसेना नेता संजय राउत

**नई दिल्ली। शिवसेना अपने बागी सांसदों के खिलाफ लोकसभा स्पीकर के पास पहुंच गई है। शिवसेना नेता सांजय राउत ने गुरुवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर एकनाथ शिंदे गुट के 12 बागी सदस्यों को अयोग्य घोषित करने की मांग की है।**



शिंदे गुट में शामिल होने वाले शिवसेना के 12 सांसदों ने राहुल शेवाले को अपना नेता और पांच बार की सदस्य भावना गवली को पार्टी का मुख्य चीफ व्हीप घोषित किया था। शिवसेना संसदीय दल के नेता राउत ने स्पीकर से मुलाकात के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा, मैंने शिवसेना के 12 बागी लोकसभा सदस्यों को अयोग्य घोषित करने की मांग की है। बता दें कि स्पीकर ने लोकसभा में शेवाले को शिवसेना नेता के तौर पर मान्यता दी थी। शेवाले ने जोर देकर कहा था कि 12 सदस्यों ने लोकसभा में एक ग्रुप नहीं बनाया था, बल्कि विनायक राउत को सदन में उनके नेता के रूप में बदल दिया था।

### विनायक राउत लोकसभा में पार्टी के नेता

2019 के लोकसभा चुनाव के बाद शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने विनायक राउत को लोकसभा में पार्टी का नेता नियुक्त किया था। संजय राउत को राज्यसभा में नेता और साथ ही दोनों सदनों में सदस्यों वाले शिवसेना संसदीय दल के नेता के रूप में नियुक्त किया गया था।

पार्टी में फूट पर बात करते हुए उद्धव ठाकरे ने पिछले मंगलवार को एक मीटिंग के दौरान कहा कि शिवसेना में विभाजन की स्थिति बागियों के चलते नहीं बल्कि भाजपा की वजह से पैदा हुई है। यही नहीं उन्होंने कहा कि आप लोग चाहे जितने तीर लेकर भाग जाएं, यह याद रखना कि मेरे पास धनुष है। एकनाथ शिंदे गुट की वजह से शिवसेना में पार्टी सिंबल उन्होंने कहा कि ठाकरे संकट से नहीं डरते। ठाकरे ने संकल्प व्यक्त किया कि चाहे कितने ही संकट आ जाएं, हम लड़ेंगे और नए सिरे से पार्टी का निर्माण करेंगे।

# पार्थ चटर्जी के घर में चोरी, ईडी का छापा समझ देखते रह गए लोग



**कोलकाता।** शिक्षक भर्ती घोटाले के आरोपी और पश्चिम बंगाल के कैबिनेट मिनिस्टर पार्थ चटर्जी के दक्षिण 24 परगना स्थित घर में चोरी की शिकायत दर्ज की गई है। बताया जा रहा है कि घटना 27 जुलाई की रात की है। जानकारी के मुताबिक चोर मंत्री के घर में ताला तोड़कर घुस गए। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि चोर उनके घर से काफी सामान ले गए हैं। वे कई बैग में भरकर सामान ले गए हैं। वहां के लोगों ने कहा कि पहले उन्हें लगा कि पार्थ चटर्जी के घर पर एक और छापा डाला जा रहा है।

# छत्तीसगढ़ का प्रथम तिहार हरेली को गांव से लेकर शहर तक धूमधाम से मनाया गया





जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

सुकमा नगरपालिका में यह परंपरागत पर्व नगरपालिका के गोठान में मनाया गया तथा हर गांव में इस तिहार की धूम रही। सुकमा नगरपालिका अध्यक्ष जगन्नाथ राजू साहू गेड़ी चढ़कर नगरवासियों एवं देशवासियों को हरेली त्यौहार की बधाई दी। पालिका के गोठान में कृषि औजारों की पूजा पश्चात गाय माता को आटे की लोई खिलाई गई। गोठान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि करण सिंह देव ने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री एक किसान का बेटा है। यही वजह है कि वर्तमान नीति कृषि प्रधान है। आज भूपेश बघेल की सरकार में किसानों को कृषि के माध्यम से देश में सबसे ज्यादा लाभ छत्तीसगढ़ के किसानों को मिल रहा है। गोधन न्याय योजना के तहत सरकार गोबर ख़रीद रही है। किसानों का कर्जा माफ किया एवं अन्य बहुत सी योजना संचालित है जिससे छत्तीसगढ़ के हर वर्ग को लाभ मिल रहा है।

पालिकाध्यक्ष राजू साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति और छत्तीसगढ़ की पहचान है हरेली पर्व। यह प्रदेश का लोकप्रिय त्यौहार है। इस दिन पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में अनेक विभिन्ना एवं अनेक कार्यक्रम भी देखने को मिलते है। बीते तीन वर्षों में हरेली की पर्व महत्ता और इसकी लोकप्रियता में बढ़ी है।

छत्तीसगढ़ की संस्कृति, कृषि, परंपरा व आस्था से जुड़ा है हरेली तिहार। हरेली को लेकर इस बार मंत्री कवासी लखमा के आशीर्वाद से हमने नगरपालिका के गौठान में खास तैयारियां की गई हैं। हरेली तिहार त्योहार छत्तीसगढ़ की संस्कृति,कृषि परंपरा व आस्था से जुड़ा हुआ है। इस मौके पर स्थानीय स्तर पर फुगड़ी, महिला कुर्सी दौड़, महिला नारियल फेंक, पुरूष नारियल फेंक प्रतियोगिता आयोजित किया और लोगों को अपनी परंपरा और संस्कृति से जोड़ने और सहजने का काम किया।

फुगड़ी प्रतियोगिता में प्रथम चित्रलेखा साहू, द्वितीय जमुना बघेल, तनुश्री गुरूपंच रही। महिला नारियल फेंक प्रतियोगिता में प्रथम शान्ति बघेल द्वितीय स्थान भुनेश्वरी साहू कुर्सी दौड़ में प्रथम चित्रलेखा साहू द्वितीय अन्नू साहू, तृतीय भुनेश्वरी गुरूपंच रही महिला रस्साकशी प्रतियोगिता में नगरपालिका उपाध्यक्ष आयशा हुसैन की टीम ने बाजी मारी। वहीं पुरूष नारियल फेंक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर शंकर यादव एवं द्वितीय स्थान पर राजा रहे। कार्यक्रम के अंतिम चरण में महिलाओं ने बस्तरिया गाने पर नृत्य कर हरेली तिहार का लुत्फ उठाया। इस दौरान नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शेख सज्जार, पार्षद रामसुख यादव, पदमा जायसवाल, प्रताप समरथ, एल्डरमैन मो. हुसैन, हरीबन्धु सेठिया, सुनील राठी,व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रम्मू राठी, एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष कृष्ण ठाकुर, सुनील यादव, सूर्यप्रकाश कोरी, मनोज गुप्ता, अरूण मिश्रा, अज्जू श्रीवास, सत्यभामा गंगबेर, जानकी साहू, यसोदा साहू, नन्दिनी विश्वकर्मा, रीना बैरागी, अंजू साहू, कन्हैया लाल साहू, टीकाराम साहू, दयालु साहू, गोलू नागुल, नगरपालिका सीएमओ आशीष कोर्राम, सब इंजीनियर सौरभ कश्यप, सुकमा रेंजर गुलशन साहू एवं भारी संख्या में गणमान्य नागरिक व नगरपालिका के समस्त स्टॉफ मौजूद रहे।

## ग्रामीणों की जरूरतों को पूरा कर जीवन का अभिन्न अंग बना गोधन न्याय योजना

### गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को मिले लाभ की कहानी हितग्राहियों की जुबानी

**कवर्धा** । गौधन न्याय योजना छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना है। यह योजना गौ-धन अर्थात गौ-पालन से जुड़े सभी लोगों के लिए आर्थिक विकास और उनके परिवार के खुशहाली को बेहतर माध्यम बना है। गौ-पालन से जुड़े गौ-पालक किसान, मजदूर, चरवाहे, से लेकर गोठान प्रबंधन समिति और गोबर से वर्मी कपोस्ट तैयार करने वाली सौकड़ों महिला स्वसहायता समूह प्रत्यक्ष रूप से लाभ कमा रही है। कबीरधाम जिले में गोधन न्याय योजना के तहत 297 में गोबर की खरीदी हो रही है। इस योजना से 5 हजार 542 गौपालक हितग्राही पंजीकृत है। इनसे से चार ऐसे हितग्राही की कहानी है, जिसके लिए गोबर सचमूच गौधन बन कर उनके सपने साकार कर रहे है। बोड़लतरा खुर्द की सहोदी कुर्रे ने गोबर बेचकर अपने बेटे के आगे की पढ़ाई के लिए लैपटॉप खरीदी की है। उदका की मंदाकनी ने गोबर बेचकर खुद के लिए व्यवसाय शुरू की है। घोठिया के दीपचंद ने गोबर बेचकर उसे हुए आमदनी को जमीन खरीदी में लगा लिया है। धमकी की ठगिया बाई को गोबर बेचकर उससे हुई आमदनी से कर्ज से मुक्ति मिली है।

## सुकमा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रदेश का पहिली तिहार हरेली

### गैठानों में की गई कृषि उपकरणों की विधिवत पूजा अर्चना

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

हमारे कृषि प्रधान राज्य छत्तीसगढ़ के प्रथम त्योहार हरेली का उल्लास सुकमा जिले में भी रहा। सुकमा जिले के सभी गौठानों में हर्ष के साथ हरेली तिहार के अवसर पर कृषक भाइयों द्वारा कृषि उपकरणों की विधिवत पूजा अर्चना की गई। इस वर्ष हरेली का त्योहार कृषक भाइयों के साथ ही पशुपालकों के लिए दोगुना शुभ रहा। मुख्यमंत्री भुपेश बघेल के मार्गदर्शन में अब गोठानों में गोधन के साथ ही गौमूत्र की



### इस हरेली तिहार से गौठान में गौमूत्र खरीदी प्रारंभ

खरीदी भी शासन द्वारा की जाएगी। सुकमा जिले में इस पायलेट योजना का क्रियान्वयन प्राथमिक रुप में दो गौठानों में किया जाएगा। ग्राम गौठान चिकारास, चिपुरपाल और ग्राम गौठान किकिरपाल में शासन द्वारा निर्धारित दर 4 रुपए प्रति लीटर की दर से पशुपालकों से गौमूत्र खरीदी की जाएगी। चिपुरपाल गौठान में आयोजित हुए खेल, ग्रामीणों ने उत्साहपूर्ण हिस्सा लिये हरेली तिहार में कृषि उपकरणों की पूजा अर्चना के साथ ही विविध खेल आयोजित किए जाते हैं। ग्राम गौठान चिकारास, चिपुरपाल में ग्रामीण महिलाओं और पुरुषों ने खूब उत्साह के साथ इन खेलों में भाग लिया। महिलाओं ने जहां कुर्सी दौड़ और रस्साकशी में अपनी प्रतिभागिता निभाई तो पुरुषों ने भी रस्साकशी में जोर आजमाईश की। विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरुस्कृत भी किया गया।

## आदिवासी महिला राष्ट्रपति का अपमान कर कांग्रेस नेता ने कांग्रेस की घृणित मानसिकता का शर्मनाक प्रदर्शन किया -सांसद गोमती साय

जोहार छत्तीसगढ़-फरसाबहार।



रायगढ़ सांसद गोमती साय ने कहा कि आदिवासी अस्मिता की प्रतीक, देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति पद पर आसीन द्रोपती मुर्मू का अपमान कर कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कांग्रेस की घृणित मानसिकता का शर्मनाक प्रदर्शन किया है। आखिर सच बाहर आ ही गया कि कांग्रेस एक आदिवासी समुदाय विरोधी है। ये कांग्रेसी एक ही परिवार की भक्ति में इतने गिर चुके है कि देश के संविधान के सर्वोच्च पद की गरिमा का भी सम्मान नही करते। आदिवासी महिला का अपमान पूरे जनजातीय समुदाय का अपमान है जो बर्दास्त नहीं होगा। राष्ट्रपति पद की गरिमा भंग करने एवं एक आदिवासी समाज की महिला का लज्जा जनित अपमान करने पर इनके खिलाफ राष्ट्र द्रोह तथा संविधान के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति पद का सार्वजनिक रूप से अपमान करने का अपराध दर्ज किया जाना चाहिए। अगर ऐसा नही हुआ तो इस प्रकार की निर्लज्जता व राष्ट्रीय अपमान की घटनाएं घटित होती रहेंगी। विपक्ष संविधान के दायरे में रह कर विरोध करे तो अच्छा होगा। संविधान की मर्यादा के बाहर जाने पर कठोर कार्यवाही की मांग करती हूं। साथ ही कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी से मांग करती हूं कि वे अपने इस नेता के कृत्य पर माफी मांगे।

## बालको की परियोजना मोर जल मोर माटी से लगभग 2000 किसान लाभान्वित

**कोरबा** । भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड बालको ने साढ़े पांच दशकों में विश्वस्तरीय धातु उत्पादन, उत्पादकता, गुणवत्ता और उत्कृष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में मिसाल बनाई है। सामुदायिक विकास परियोजना के जरिए किसानों को आधुनिक खेती के अनेक आयामों से परिचित कराया है। बालको स्थानीय समुदाय के आर्थिक.सामाजिक विकास को सशक्त करनेके लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी के सामुदायिक विकासपरियोजना मोर जल मोर माटीष्का प्रमुखउद्देश्य सिंचाई सुविधाओं को बढ़ानेए फसल उत्पादन में वृद्धिए किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों से अवगत कराने के साथ जल और मृदा प्रबंधन को उत्कृष्ट बनाना है।परियोजना का मुख्य घटक कृषिए जल प्रबंधनए पशुपालनए मत्स्य पालनए बाड़बंदीए वनोपज एवं वन संरक्षण और लाख की खेती शामिल है।

## एक नजर

### भू-विस्थापित संघ के दीपका इकाई की बैठक में आंदोलन की रणनीति पर चर्चा

**कोरबा** । ऊर्जाधानी भू-विस्थापित किसान कल्याण समिति एसईसीएल दीपका के क्षेत्रीय स्तर की बैठक हुई, जिसमें केंद्रीय पदाधिकारी सपूरन कुलदीपए डीके मिश्रा एबृजेश वास, मुकेश कंवर, गजेंद्र ठाकुर, ललित महिलांगे उपस्थित रहे। बैठक में संगठन के आमसभा के निर्देशों का पालन करते हुए क्षेत्रीय स्तर पर संगठन के कामों पर कसावट लाने व आंदोलन को विस्तार देने पर चर्चा हुई, जिसमें सभी क्षेत्रीय इकाइयों में कम से कम 10 प्राथमिक ग्रामीण कमेटियों का गठन करने, सभी प्रभावित ग्रामों के समग्र व व्यक्तिगत समस्याओं की जानकारी एकत्र कर उनको अधिकार दिलाने, रोजगार, बसाहट, मुआवजा संबंधी नए व पुराने मामलों युवा बेरोजागरों व महिलाओं को रोजगार, प्रशिक्षण, राजस्व मामलों सहित अन्य सभी मुद्दों पर भूविस्थापित किसानों के पक्ष में अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। दीपका क्षेत्र के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बसंत कंवर ने कहा कि 1997 में शहीद हुए गोपालदास, फिरतुदास की 25 वीं वर्षगांठ के मौके पर ग्राम नराइबोध में आयोजित होने वाले शहादत दिवस का संदेश जन-जन तक ले जाने के लिए दीपका क्षेत्र अंतर्गत 10 ग्राम पंचायतों में वृहद प्रचार अभियान चलाया जाएगा।

### मरघटिया जंगल के पेड़ पर युवक का फंदे पर लटकता मिला शव

**कोरबा** । बकसाही गांव के मरघटिया जंगल में एक युवक का शव पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटकता मिला। मामले में पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पाली थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत बकसाही निवासी 23 वर्षीय संजय सिंह मरावी का शव बुधवार सुबह गांव के पास मरघटिया जंगल में पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटक रहा था। जंगल की ओर गए ग्रामीणों की नजर उस पर पड़ी तो उन्होंने संजय के परिजन को जानकारी दी। इसके बाद पाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची, जहां शव को फंदे से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। बाद में अंतिम संस्कार के लिए शव को परिजन को सौंप दिया। पुलिस ने परिजन से जानकारी ली तो उन्होंने संजय के आत्महत्या की वजह नहीं मालूम होना बताया। पुलिस मामले में जांच-पड़ताल कर रही है।

### प्राक्कयन परीक्षा 31 को रायपुर में

पात्र परीक्षार्थी आदिवासी विकास विभाग से 29 जुलाई को प्राप्त कर सकेंगे प्रवेश पत्र

शैक्षणिक सत्र 2022-23 में प्रयास आवासीय विद्यालयों में लेटरल एंट्री से कक्षा 11 वीं में प्रवेश के लिए प्राक्कयन परीक्षा आगामी 31 जुलाई को आयोजित की जाएगी। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग डॉ.रेशमा खान से मिली जानकारी के मुताबिक यह परीक्षा सुबह 9.30 बजे से 4परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी।रायपुर संभाग के परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा प्रयास बालक आवासीय विद्यालय सड्डू रायपुर में आयोजित की जाएगी। बताया गया है कि परीक्षा में शामिल होने के पात्र/अपात्र विद्यार्थियों की सूची आदिवासी विकास विभाग कार्यालय धमतरी की सूचना पटल पर चस्पा की गई है। साथ ही जिले की वेबसाईट पर भी सूची का अवलोकन किया जा सकता है। पात्र परीक्षार्थी कलेक्टोरेट स्थित कक्ष क्रमांक 90, आदिवासी विकास विभाग से 29 जुलाई को सांय 5बजे तक प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

### कलेक्टर संजीव झा ने सेंद्रीपाली और दमिया गोठान का किया निरीक्षण

**कोरबा** । कलेक्टर संजीव झा ने विकासखण्ड पाली के ग्राम सेंद्रीपाली और दमिया गोठान का निरीक्षण किया। हरेली पर्व के अवसर पर 28 जुलाई से कोरबा जिले के सेंद्रीपाली और चिर्रा गोठान में गोमूत्र की खरीदी की जाएगी। कलेक्टर झा ने सेंद्रीपाली के गौठान में पहुंचकर गौमूत्र खरीदी के लिए की गई आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर झा ने ग्राम सेंद्रीपाली और दमियां के गौठान में पहुंचकर महिला समूहों द्वारा किये जा रहे आजीविका गतिविधियों के बारे में भी जानकारी ली। उन्होने गौठान में गोबर खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, चारागाह क्षेत्र में चारा उत्पादन एवं गौठान में प्रतिदिन आने वाले मवेशियों के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने गौठानो में प्रतिदिन मवेशी लाने और गोबर खरीदी को बढ़ाने के भी निर्देश दिये। दोनों गोठानों में महिला समूहों द्वारा गोबर खरीदी के साथ-साथ वर्मी कंपोस्ट निर्माण, सब्जी उत्पादन, चारा उत्पादन आदि आजीविका संवर्धन के कार्य किए जा रहे हैं। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नूतन कंवरए जनपद पंचायत पाली के सीईओ वीके राठौर, उप संचालक कृषि अनिल शुक्ला, सहायक संचालक उद्यानिकी आभा पाठक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

कलेक्टर झा ने स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किए जा रहे सब्जी उत्पादन के कार्यों का अवलोकन किया तथा महिलाओं से चर्चा भी की। कलेक्टर ने महिला समूहों को अधिक आर्थिक लाभ सुनिश्चित करवाने के लिए उन्नत किस्म के सब्जी बीज देने के निर्देश उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को दिए।

## अधिरंजन का शर्मनाक बयान कांग्रेस पार्टी की ओछी मानसिकता का प्रतीक-डॉ. रश्मि सोनकर

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



जब देश अपनी आजादी के 75वें वर्ष में बाबा साहब अम्बेडकर के विचारों को जीवंत करके खुशियां मना रहा है। तब कांग्रेस की सामन्तवादी और परिवारवादी पार्टी को अत्यंत कष्ट हो रहा है। समाज के अंतिम छोर का प्रतिनिधित्व करने वाले सन्थाल जनजाति की एक महिला आज देश के सर्वोच्च स्थान पर पँहुच चुकी हैं। उनके सम्मान के लिए दो शब्द कहने के बजाय लोकसभा में इनकी पार्टी के नेता घटिया शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं और इनकी नेता जो स्वयं एक महिला हैं उन्हें बिल्कुल खेद नही है। यही चरित्र है कांग्रेस पार्टी का, इनके लिए केवल चांदी के चम्मच लेकर पैदा होने वाले निकम्मे लोग ही महत्वपूर्ण हैं। देश के सर्वोच्च पद को सुशोभित करने वाली एक अनुसूचित जनजाति की महिला के संघर्ष का सम्मान करते हुए जन्हा कई विपक्षी दलों ने उन्हें पार्टीलाइन से हटकर जिताया है। वन्ही कांग्रेस पार्टी की घटिया सोच सदन में भी सुनने को मिल रही है। देश की जनता ऐसे अलोकतांत्रिक नेताओं के शर्मनाक करतूत को बहुत गम्भीरता से देख रही है और समझ रही है। आने वाले समय में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस देश में कॉंग्रेस मुक्त भारत का सपना साकार होगा और यही अधिरजन जैसे लोग तमाशा देखते रहेंगे।

### महामहिम का अपमान नही भूलेगा हिंदुस्तान

कांग्रेस के सांसद अधिरंजन चौधरी ने अपने पार्टी के चाल चरित्र को उजागर करते हुए निकृष्ट बयानबाजी से यह साबित कर दिया है कि महिलाओं के लिए इनके मन मे किस तरह की भावनायें है, पहली बार देश मे एक वनवासी क्षेत्र की आदिवासी महिला को मोदी के माध्यम से राष्ट्रपति बनाया गया है और चुनाव का परिणाम बेहद चर्चा मे रहा क्योंकि विपक्ष और विशेष कर कांग्रेस के ही कई विधायक व सांसद ने पार्टी के विरुद्ध जाकर भी आदरणीया मुर्मू को चुना पर अधिरंजन चौधरी, जो वाकई में अधीर है हमेशा अपने घटिया बयान बाजी के लिए जाने जाते हैं। जब भी मुंह खोलते है जहर जरूर उगलते हैं। भारतीय जनता पार्टी का एक एक कार्यकर्ता इस बयान का विरोध करता है। महिला का अपमान सदा से पतन का कारण बनता रहा है इतिहास इसका गवाह है।

## स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय कार्यक्रम स्वावलंबी भारत अभियान के तहत देश भर में उद्धमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





स्वदेशी जागरण मंच के प्रमुख राष्ट्रीय कार्यक्रम स्वावलंबी भारत अभियान के तहत देश भर में उद्धमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसी विषय को लेकर संगठन की विशेष बैठक रखी गयी है। जिसमें आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा व संगठन में दायित्वों को लेकर चर्चा की गयी व कई महत्वपूर्ण विषयों पर निर्णय लिया गया। बैठक की शुरुआत स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक अभिषेक शर्मा ने संरक्षक अरुण कातोरे की उपस्थित में की। बैठक में उन्होंने बताया आगामी स्वावलंबी भारत अभियान के तहत कई प्रमुख कार्यक्रम होने है जिसमें प्रमुख उद्धमिता प्रोत्साहन कार्यक्रम किया जाना है जो की युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु उनमें कौशल विकास, बेरोजगारी की समस्या का समाधान एवं रोजगार सृजन हेतु देश भर में सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक, राजनैतिक, शैक्षणिक संगठन एक साथ एक मंच स्वावलंबी भारत अभियान को संचालित कर रहे है जिसका सीधा लाभ युवाओं को प्राप्त होने वाला है तत्पश्चात उन्होंने बैठक की अध्यक्षता कर रहे स्वदेशी जागरण मंच जिला रायगढ़ के संरक्षक अरुण कातोरे जी से आग्रह किया की वें आगामी कार्यक्रम के विषय को बैठक में विस्तार से बताए। संरक्षक अरुण कातोरे ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों को बताया स्वावलंबी भारत अभियान का मुख्य उद्देश्य भारत के हर नागरिक को आर्थिक रूप से मजबूत व सक्षम बनाना है। युवाओं की सोच को स्वरोजगार एवं उद्धमिता की दिशा दिखाना है व इस विचार को उनके मन मष्तिष्क में स्थायी रूप से स्थापित करने एवं समाज में उद्धमिता के प्रति सम्मानजनक वातावरण निर्माण करने हेतु उद्धमिता प्रोत्साहन सम्मेलन की योजना बनाई गयी है।

कार्यक्रम का केंद्र बिंदु - जिले के सफल उद्धमियो का सम्मान, उनके द्वारा युवाओं को प्रोत्साहन शासकीय अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण,सहयोग एवं उधमिता का प्रचार प्रसार करना है व आगे के कार्यक्रम में बेरोजगार युवाओं को स्व रोजगार हेतु मार्गदर्शन देना, उद्योग लगाने की विस्तृत जानकारी देना व स्व रोजगार हेतु उचित ट्रेनिंग देना एवं उद्योग या स्व.रोजगार इकाई स्थापित करने हेतु आर्थिक एवं शैक्षणिक रूप से संभावना सुनिश्चित करना है जिसके लिये हमें तहसील स्तर पर भी हाई स्कूल व महाविद्यालयों से कार्यक्रम की शुरुआत करनी है। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए जिला संयोजक अभिषेक शर्मा ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु व संगठन को मजबूत बनाने के दृष्टिकोण से स्वावलंबी भारत अभियान में जिला समन्वयक व सह समन्वयक बनाने का प्रस्ताव रखा ए जिसे जिला प्रसार विभाग प्रमुख शान्तनु दुबे ने जिला समन्वयक हेतु प्रवीण शर्मा के नाम का प्रस्ताव रखा वहीं स्वदेशी जागरण मंच के सह संयोजक नीतीश चौहथा ने जिला सह समन्वयक हेतु चंद्रप्रभा पटेल के नाम का प्रस्ताव रखा जिसे जिला संरक्षक अरुण कातोरे ने सहमति प्रदान की वहीं बैठक में उपस्थित सभी जिला पदाधिकारियों ने भी सर्व सम्मति से स्वागत किया एवं तालिया बजाकर नव नियुक्त पदाधिकारियों का उत्साह वर्धन किया। तत्पश्चात स्वदेशी उदघोष कर बैठक की समाप्ति की घोषणा जिला कार्यालय प्रमुख संदीप मिश्रा ने की, इस बैठक में प्रमुख रूप से संरक्षक अरुण कातोरे, जिला संयोजक अभिषेक शर्मा, कार्यक्रम प्रभारी राजेंद्र दीवान, सह संयोजक नीतीश चौहथा, जिला प्रचार विभाग प्रमुख शान्तनु दुबे, जिला प्रसार विभाग के दीपक अरोरा, सह पत्रिका प्रमुख राज कुमार केशरवानी, कार्यालय प्रमुख संदीप मिश्रा, नव पदस्थ जिला समन्वयक प्रवीण शर्मा,नव पदस्थ सह समन्वयक चंद्रप्रभा पटेल, मनीष गांधी, सौरंभ चौधरी, लल्ला देवागंन,लक्ष्मी वैष्णव, कैलाश कुमार बसंत, योगेन्द्र वैष्णव, किशोर प्रधान आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपरा मनाया गया हरेली तिहार

## साल के पहले त्यौहार हरेली पर कृषि औजारों का किया पूजा, बच्चों ने चड़ें गेड़ी युवाओं ने फेके नारियल

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

संबलपुर,ग्राम जैतपुरी में लोक पर्व हरेली कि धूम गुरुवार को ग्रामीण क्षेत्रों में दिखते ही बन रही थी। किसानों ने कृषि औजारों की पूजन किया। गांव व परिवार की सुरक्षा की कामना के साथ कुलदेवता और ग्राम देवताओं की पूजा भी की गई। पूरे समय नारियल फेंक समेत अन्य खेलों के जरिए परंपरा का निर्वहन किया गया। हरेली के त्यौहार परंपरिक तौर पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। किसानों ने अपने पशुधन को लोंदी खिलाया और कृषि औजारों की साफ-सफाई कर पूजा अर्चना कर गुरहा चिला और भजिया छत्तीसगढ़िया पकवानों का भोग के रूप में अर्पित किया गया। हरेली पर्व पर बच्चों ने गेड़ी का आनंद लिया। वही गांव में परंपरिक खेलकूद फुगड़ी कबड्डी भी हुई यदुवंशियों ने किसानों के द्वार पर नीम की टहनी खोंची गई और लोहार ने पंच धातु से बनी कील ठोकी गई। युवाओं ने नारियल फेक व तोड़ने जैसी प्रेतियोगिताएं आयोजित की गई।



### पशु को खिलाई औषधि लोंदी

हरेली के दिन बैल और गाय की सेहत की चिंता भी किसान करेंगे आटे में दस्मुल और बांगगोंदली एक तरह की जड़ीबूटी है गेहूं आटे से बनी हुई लोंदी औषधि को मिलाकर खिलाएं गए ताकि उन्हें कोई बीमारी ना हो बारिश के दिनों में पशुओं को कई तरह की बीमारी हो जाती है। इसलिए यह औषधि इन बीमारियों को होने से बचाती है पशुधन स्वस्थ रहते हैं । किसानों ने 1 दिन पूर्व ही हरेली त्योहार की तैयारी कर ली थी। महिलाओं ने अपने घर आंगन को लिप बाहरकर विशेषकर पशुधन को रखने के कोठे की साफ-सफाई की। देव यादव ने बताया कि हरेली त्यौहार से किसानों और पशुधन के आराम के दिन शुरू होते हैं। पुराने जमाने में हरेली से पहले बोवाई, बियांसी काम पूरा हो जाता था। फसल के पकने तक पशुओं को भी आराम मिलता था। किसान केवल खेतों में निगरानी के काम ही करते थे।

### पारंपरिक तरीके से कृषि औजार की पूजा की

किसानों ने सुबह से ही कृषि के औजार एहसीया, तंगली, रापा, रपली,हल जुड़ा, सब्बल,कुदाली जैसे कई औजारों जो कृषि कार्य में सहायक उपकरणों औजारों को पहले सफाई करके। फिर उन्हें घर आंगन के स्वच्छ स्थानों में रखा। इसके बाद फुल हल्दी रोली और अक्षत पूजन किया गया वही भगवान से अच्छी फसल की कामना की। पारंपरिक पकवानों का प्रसाद का भोग के रूप में अर्पित किया गया स साथी ही छत्तीसगढ़ में यह परंपरा सदियों से चली आ रही है किसानों को फसलों की बुवाई कर नींदाआई,कुड़ाई व बियांसी के बाद कृषि औजारों की पूजा-अर्चना करते हैं गौशाला व घर के पूजन कक्ष में कुल देवता की पूजा और नगर में स्थित ग्राम देवता का पूजन कर सभी विपत्तियों को दूर करने की कामना की। सुबह से ही उत्सव का माहौल रहा। बच्चों से लेकर बड़े भी लोकपर्व के रंग में रंगे रहे। जगह-जगह लोकगीत की प्रस्तुति से हरेली की खुशियां सजती रही। इस दिन विशेष रूप से गुड़ का चीला खुरमी, ठेठरी अन्नरस बोबरा जैसे एक से एक बढ़कर एक पारंपरिक पकवान बने।

### द्वार पर लगाई नीम की टहनी चौखट पर ठोंकी कील

हरेली के दिन पशु चरवाहा यादवों की ओर से किसानों के घरों में जाकर नीम की टहनी खोंची जाती हैं वहीं गांव में किसानों के कृषि औजारों को बनाने वाले व उसमें धार लगाने वाले लोहार किसानों के घरों में पहुंचकर प्रवेश द्वार में पंचधातु से बनी कील ठोकते है। ऐसी मान्यता है कि द्वार पर नीम की टहनी होने से बारिश में होने वाले संक्रमण से घरों की सुरक्षा होती है। वहीं कील ठोंकने से घरों में अनिष्ट के प्रवेश से बचा जा सकता है। किसान यादवों एवं लोहार को इनके एवज में धान चावल दाल एवं घर में बने व्यजन भेट करते हैं।



### प्रतियोगिता भी हुई

हरेली पर्व पर बच्चों ने बांस से बनी हुई गेड़ी का आनंद लिया,गेडी का आनंद बच्चे डेढ़ माह तक लेंगे जिसके बाद भादो माह में तीज के उपवास के बाद गेडी को तालाब में विसर्जित करने की परंपरा है इसके अलावा गांव के परंपरिक खेल फुगड़ी व खो-खो की युवतियों ने आनंद लिया।

### युवाओं ने फेंके नारियल

हरेली पर गांव में कबड्डी व नारियल फेक प्रतियोगिता भी हुई। सुबह पूजा अर्चना के बाद युवाओं की टोली ने नारियल हारने जितने का सिलसिला शाम तक चलता रहा।

## एक नजर

### भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी ने स्टेट बैंक सुरक्षा कर्मी पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगा,कोरिया कलेक्टर से की शिकायत

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



हम आपको बता दें कि भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी मनेंद्रगढ़ यीशै दास के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए मनेंद्रगढ़ स्थित स्टेट बैंक पर तैनात सुरक्षा गार्ड के ऊपर गंभीर आरोप लगाते हुए कहां की ग्रामीण क्षेत्र तथा कोलाचल क्षेत्रों से आने जाने वाले उपभोक्ताओं को स्टेट बैंक के सुरक्षाकर्मी द्वारा अभद्र व्यवहार किया जा रहा है। जिसका हम कठोर निंदा करते हैं दास के द्वारा यह भी जानकारी दिया गया कि 27 जुलाई 2022 को उक्त समस्त शिकायतों को लेकर मेरे द्वारा मान.कोरिया कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा जी को फोन के माध्यम से अवगत कराते हुए व्हाट्सएप के माध्यम से अपनी शिकायत प्रस्तुत किया गया है तथा ऐसे स्टेट बैंक सुरक्षाकर्मी को तत्काल हटाए जाने की मांग भी मंडल मीडिया प्रभारी के द्वारा किया गया है जिससे कि बैंक से आने.जाने वाले उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो सके।

### लंबे समय से बाधित स्वास्थ्य सेवाओं को पुनः सुचारू करने पर जोर

पंडरिया और सहसपुर लोहारा क्षेत्र के लोगों ने ली राहत की सांस

**कवर्धा** । लोगों को सहजतापूर्वक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए जिले में लगातार प्रयास किया जा रहा है। विशेषकर दूरस्थ वनांचल के उप स्वास्थ्य केंद्रों में लंबे समय से बाधित स्वास्थ्य सेवाओं को शिविर लगाकर तथा स्टॉफ भेजकर पुनः सुचारू किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम स्वास्थ्य सेवा तुहंर दुआरी के माध्यम से भी गांव.गांव पहुंच रही हैए जिससे लोग अब राहत की सांस ले रहे हैं।

गांव में शिविर लगाकर तथा स्टॉफ भेजकर कार्य शुरू करना होए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सिजेरियन प्रसव की व्यवस्था हो या जिला अस्पताल में सेवाओं में बढ़ोत्तरी होए हर जगह स्टॉफ तथा भौतिक संसाधनों की व्यवस्था कर स्वास्थ्य सेवाओं को गति प्रदान की जा रही है। शासन की ओर से जिले में सेकंड एएनएम पद की भी व्यवस्था कर दी गई है।

इसका उद्देश्य दूरस्थ पहुंचविहीन क्षेत्रों में स्टॉफ की व्यवस्था कर लोगों को आवश्यक जांचए उपचार व परामर्श की सेवा प्रदान करना है। इसके अलावा जिला अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों व जिले भर में मेडिकल ऑफिसर्स की भर्ती की गई हैए ताकि जिले में ही उच्च उपचार सुविधा भी उपलब्ध हो सके।

इस संबंध में पंडरिया के नवपदस्थ खंड चिकित्सा अधिकारी ;बीएमओद्ध डॉण् स्वप्निल तिवारी ने बताया: लोगों तक आसानी से स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की कवायद रंग लाने लगी है। भौगोलिक बाधाओं के बावजूद लोगों को स्वास्थ्य सेवा आसानी से व त्वरित रूप से मुहैया कराने के लिए किए जा रहे प्रयासों में स्वास्थ्य विभाग को बेहतर सफलता मिल रही है।

# शासकीय प्राथमिक शाला रनबोड़ में हुआ वृक्षारोपण व खेल कार्यक्रम का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



हरेली के दिन शासकीय प्राथमिक शाला रनबोड़ में हरियाली के प्रति जागरूक किया गया स्कूल मैदान में वृक्षारोपण किया गया व छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय खेल फुगड़ी, गेड़ी दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें फुगड़ी में कुमारी सजना व गेड़ी दौड़ में मनोहर प्रथम स्थान पर रहे प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। प्रधान पाठक आलोक सिंह ठाकुर ने कहा हमें पर्यावरण की रक्षा करना चाहिए हमें प्रतिवर्ष कम से कम एक वृक्ष जरूर लगाना चाहिए और उसका सुरक्षा के लिए संकल्प लेना चाहिए। राजीव क्लब युवा मितान के अध्यक्ष घनश्याम साहू ने भी बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया और वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान शिक्षक साथी सुखनंदन साहू, टिकम जायसवाल,लखन लाल वर्मा पंच रतन राम साहू, त्रिलोक साहू, हरिचंद, सीताराम, सोनु रजक,तोपसिग सहित स्कूली बच्चे व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपरा मनाया गया हरेली तिहार-डॉ. खरे

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

नवागढ़ हरेली तिहार छत्तीसगढ़ राज्य का पहला त्यौहार है, जो छत्तीसगढ़ की ग्रामीण कृषि संस्कृति, परंपरा एवं आस्था से जुड़ा हुआ है। लोगों में अपनी परंपरा और संस्कृति से जोड़े रखनाए छत्तीसगढ़ की समृद्ध कला संस्कृति, तीज त्यौहार एवं परंपराओं पर गांव गांव में हर्ष का माहौल बना हुआ है।

इसी क्रम में नवागढ़ विधानसभा क्षेत्रों में भी हरेली त्यौहार पर अलग-अलग अंदाज में उत्सव मनाते नजर आए,भाजपा नेता डॉ.जगजीवन खरे ने बताया पारंपरिक तरीके से कृषि औजार की पूजा किया जाता है। गुरुवार को हरेली तिहार में किसानों ने कृषि औजारों की पूजा किया। गांव व परिवार की सुरक्षा की कामना के साथ कुलदेवता और ग्राम देवताओं की पूजा भी की गई। पूरे समय नारियल फेंक समेत अन्य खेलों के जरिए परंपरा का निर्वहन किया गया। हरेली के त्यौहार परंपरिक तौर पर बड़ी उत्साह के साथ मनाया गया।



किसानों ने अपने पशुधन को लोंदी खिलाया और कृषि औजारों की साफ-सफाई कर पूजा अर्चना कर गुरहा चिला और भजिया छत्तीसगढ़िया पकवानों का भोग के रूप में अर्पित किया गया। हरेली पर्व पर बच्चों ने गेड़ी का आनंद लिया। वही गांव में परंपरिक खेलकूद फुकड़ी कबड्डी भी हुई यदुवंशियों ने किसानों के द्वार पर नीम की टहनी खोंची गई और लोहार ने पंच धातु से बनी कील ठोकी गई। युवाओं ने नारियल फेक व तोड़ने जैसी प्रेतियोगिताएं आयोजित की गई। भाजपा नेता डॉ. जगजीवन खरे ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस बार एक नई सोच नई उमंग नई आशा के साथ गांवो के ग्रामीण द्वारा हरेली त्यौहार के अवसर पर हरेक परिवार को एक वृक्ष लगाकर त्यौहार को मिलजुल कर मनाने को प्रेरित किया गया है। और हरेली त्यौहार के अवसर पर ग्रामीणजन से मिलकर भाजपा नेता डॉ. खरे ने हरेली तिहार कि हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी।


## आवश्यकता है

| | | पद |
|---|---|---|
| 1. समाचार रिपोर्टर | - | 3 |
| 2. कम्प्यूटर आपरेटर | - | 1 |
| 3. ऑफिस कार्य के लिए | - | 3 |

वेतन योग्यतानुसार

इच्छुक युवक/युवति अपना बायोडाटा के साथ संपर्क करें।

दैनिक जोहार छत्तीसगढ़

कार्यालय धरमजयगढ़

मो, 9479177711, 7489419194 ,7879121221


# शहीदों की स्मृति में वृक्षारोपण उत्सव पोदला उरास्कना का आरम्भ

रक्षित केंद्र बीजापुर में हरेली तिहार के दिन किया कार्यक्रम का शुभारम्भ

जोहार छत्तीसगढ़-बीजापुर।

हरेली तिहार के अवसर पर जिले में वृक्षारोपण उत्सव पोदला उरस्कना कार्यक्रम के तहत् जिला मुख्यालय नया पुलिस लाईन बीजापुर में फलदार एवं छायादार पौधों को रोपण किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय परम्परा को ध्यान में रखते हुये ग्रामीणों के खेतीहर औजार, हल, फावड़ा, गैती का पारंपरिक तरीके से पूजा अर्चना किया गया। स्थानीय स्तर पर इस त्यौहार के दिन ग्रामीण बच्चे एवं युवा गेड़ी में चढ़कर नृत्य करने की परम्परा है। पूजा अर्चना उपरान्त लाईन परिसर में पोदला उरस्कना के तहत् वृक्षा रोपण किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतिया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, कलेक्टर बीजापुर राजेन्द्र कटारा, पुलिस अधीक्षक, आंजनेय वार्ष्णेय, उप पुलिस अधीक्षक आशीष कुंजाम, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, तुलसी राम लेकाम, उप पुलिस अधीक्षक आप्स, सुदीप सरकार, उप पुलिस अधीक्षक सुश्री नेहा पवार, रक्षित निरीक्षक एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।





# गौठान ग्राम ओड़िया में गौ-मुत्र क्रय एवं उत्पाद का शुभारंभ

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक हरेली महोत्व में हुए शामिल

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

हरेली पर्व के मौके पर बेमेतरा जिले के साजा विकासखण्ड के सुरवर्ती ग्राम ओड़िया में सुराजी गांव योजना के तहत गौ-मुत्र क्रय एवं उत्पाद शुभारंभ कार्यक्रम एवं हरेली महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। प्रदेश सरकार द्वारा आज हरेली तिहार के दिन से 4 रुपये प्रति लीटर की दर से गौ-मुत्र खरीदी अभियान की शुरुआत की गई है। इससे प्रदेश में पशुधन संवर्धन एवं जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा। ग्राम ओड़िया में आयोजित कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र ढोलिया बेमेतरा द्वारा महिला स्व.सहायता समूहों को साग-भाजी के पौधे निःशुल्क वितरित किए गये। कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़ा पर्व हरेली तिहार के मौके पर आज के दिन कृषि यंत्रों की पूजा की जाती है। यह छत्तीसगढ़ का पारंपरिक पर्व है। हरा रंग का आशय प्रकृति से मिलकर जुड़ाव है। वृक्ष हवा पानी प्रकृति में विद्यमान है, जब तक प्रकृति है तब तक मानव जीवन है। जिलाधीश शुक्ला ने आम नागरिकों से बारिश सीजन के दौरान अधिक से अधिक पेड़.पौधे लगाने और इसकी सुरक्षा का दायित्व लेने का संकल्प दोहराया। एक पेंड़ बड़ा होने में 15.20 साल लगते हैं और काटने में एक घण्टा से कम समय लगता है। पेंड़ पौधे को जीवित रखना सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। कई बार मवेशी नष्ट कर देते हैं पेड़ हरा-भरा रहेगा तो धरती में हरियाली रहेगी। पृथ्वी में पेड़ पौधे होने से प्रकृति अपना संतुलन बनाती है।





रसायनिक खाद के बदले जैविक खाद का उपयोग कर किसान भाई अपने फसल का उत्पादन बढ़ा सकते हैं। गौ.मुत्र किटनाशक के काम भी आयेगा। कलेक्टर ने मवेशियों को गेंहू आटे की लोंदी खिलाई। कलेक्टर ने बच्चों से खेलकूद के साथ-साथ पढ़ाई लिखाई के प्रति भी विशेष ध्यान देने की बात कही। खेल से मस्तिष्क स्वस्थ्य रहता है। जीवन में आगे बढ़ने के लिए लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। इस दौरान बच्चों ने कलेक्टर के साथ सेल्फी भी ली। बच्चों ने गेड़ी स्पर्धा में भाग लिया प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले बच्चों को कलेक्टर ने सम्मानित किया। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने ओड़िया के गौठान परिसर एवं पंचायत भवन में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष दिनेश वर्मा, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी जागेश पटेल, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी लीना कमलेश मण्डावी, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, अनुविभागीय अधिकरी राजस्व साजा धनराज मरकाम, एसडीओ कृषि राजकुमार सोलंकी, जनपद सीईओ कांति ध्रुव कृषि वैज्ञानिक डॉ. जितेन्द्र कुमार जोशी, सरपंच ग्राम पंचायत ओड़िया राजेन्द्र साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

जोहार छत्तीसगढ़





# नियति फतनानी ने चन्ना मेरेया में अपनी भूमिका को लेकर साझा किया अनुभव

टीवी अभिनेत्री नियति फतनानी जिन्होंने अपने नए शो चन्ना मेरेया में अपने किरदार को लेकर बात की और बताया कि कैसे उन्होंने शो में एक जिंदादिल लड़की जिन्नी का किरदार निभाया है। नियति ने जिन्नी की भूमिका निभाई है, जो जीवन से भरपूर है। वह और उसका परिवार अमृतसर में एक ढाबा चलाते हैं। अभिनेत्री ने कहा, मैं जिन्नी की भूमिका निभाने के लिए बहुत उत्साहित हूं, एक जीवंत युवा महिला जो जीवन से भरपूर है। जिनी ग्रेवाल अपने ही अराजक बुलबुले में रहती है। वह और उसका पूरा परिवार अमृतसर में एक ढाबा चलाता है जो बेहद लोकप्रिय है। जिन्नी के हाथों का स्वाद के कारण और यह न केवल वह खाना है जो जिनी परोसती है, बल्कि वह प्यार और अपनापन भी है जो वह ग्राहकों के साथ साझा करती है। नियति ने आगे कहा, जिन्नी अपनी पाक क्षमताओं और जीवंत हंसी से परे कुछ ढूंढ रही है। वह एक चमकदार सितारे की तरह है, हमेशा चमकती और रोशनी फैलाती है।शो में दो मुख्य लीड हैं, जिनमें से एक हैं, आभिनेता करण वाही, जो आदित्य की भूमिका निभाएंगे और दूसरी ओर नियति फतनानी, जिनी की भूमिका निभाएंगी। बियॉन्ड ड्रीम्स एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित, चन्ना मेरेया स्टार भारत पर प्रसारित होगा।

# विजय एंटनी-स्टारर मर्डर मिस्ट्री कोलाई में रितिका सिंह ने निभाई संध्या की भूमिका



अभिनेत्री रितिका सिंह ने निर्देशक बालाजी के. कुमार की आगामी खोजी थ्रिलर, कोलाई में संध्या नाम का एक किरदार निभाया है, जिसमें अभिनेता विजय एंटनी मुख्य भूमिका में हैं। इरुधि सुत्रु (हिंदी में साला खड़ूस) में अपने अभिनय के लिए प्रसिद्धि पाने वाली ऋतिका ने ट्विटर पर कहा, यह संध्या के रूप में आपकी लड़की रिट्ज है – द अपरेंटिस।

पहले ही, टीम ने खुलासा किया है कि जॉन विजय ने फिल्म में मंसूर अली खान नामक एक पुलिस वाले की भूमिका निभाई है, जिसमें सिद्धार्थ शंकर केंद्रीय चरित्र लीला के प्रेमी सतीश की भूमिका निभा रहे हैं। अभिनेत्री मीनाक्षी चौधरी ने लीला की भूमिका निभाई है, जिसकी फिल्म में हत्या कर दी जाती है। मनोरंजक खोजी थ्रिलर, जिसमें अभिनेता विजय एंटनी मुख्य भूमिका निभा रहे हैं, में अभिनेता मुरली शर्मा और राधिका भी शामिल हैं। जहां मुरली शर्मा आदित्य नामक एक एजेंट की भूमिका निभाते हैं, वहीं राधिका बॉस, रेखा की भूमिका निभाती हैं। इंडस्ट्री में चल रही अफवाहें बताती हैं कि मर्डर मिस्ट्री में विजय एंटनी एक जासूस की भूमिका निभाते हैं। सूत्रों का कहना है कि, फिल्म की कहानी, जिसने बड़ी उम्मीदों को जन्म दिया है, को निर्देशक द्वारा पांच साल में इसके 40 से अधिक ड्राफ्ट लिखने के बाद अंतिम रूप दिया गया था। फिल्म की सिनेमैटोग्राफी शिवकुमार विजयन ने की है और संगीत गिरीश गोपालकृष्णन का है।

# संजय लीला भंसाली की हीरा मंडी में नजर आएंगे फरदीन खान?

**महान फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली ने कई यादगार फिल्मों का निर्देशन किया है। वह काफी समय से अपने ड्रीम प्रोजेक्ट हीरा मंडी पर काम कर रहे हैं। इस सीरीज में इंडस्ट्री के दर्जनों कलाकार नजर आएंगे। अब खबर आ रही है कि हीरा मंडी में दिग्गज अभिनेता फरदीन खान अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। वह महत्वपूर्ण भूमिका में दिखाई देंगे। हालांकि, मेकर्स ने इस संबंध में आधिकारिक ऐलान नहीं किया है।**

रिपोर्ट के अनुसार, फरदीन खान को इस पीरियड ड्रामा सीरीज में अभिनेत्री अदिति राव हैदरी के अपोजिट भूमिका के लिए कास्ट किया गया है। दोनों एक साथ स्क्रीन पर अपनी जुगलबंदी से दर्शकों को रिझाते हुए नजर आएंगे। फरदीन के लिए यह बड़ा मौका है, क्योंकि उन्हें मल्टीस्टारर प्रोजेक्ट में काम करने का प्रस्ताव मिला है। अब देखना दिलचस्प होगा कि वह किस किरदार में नजर आएंगे। खास बात यह है कि फरदीन की सास और अभिनेत्री मुमताज को भी इस प्रोजेक्ट के लिए अप्रोच किया गया है।



# मानुषी छिल्लर तेहरान में जॉन अब्राहम के साथ नजर आएंगी

अक्षय कुमार अभिनीत फिल्म पृथ्वीराज से बॉलीवुड में कदम रखने वाली पूर्व ब्यूटी क्वीन मानुषी छिल्लर आगामी फिल्म तेहरान में जॉन अब्राहम के साथ एक एक्शन अवतार में नजर आएंगी। एक्शन थ्रिलर की शूटिंग के लिए मानुषी जॉन के साथ लोकेशन पर पहुंची। सच्ची घटनाओं पर आधारित, तेहरान कथित तौर पर एक भू-राजनीतिक थ्रिलर है जो रूसी-यूक्रेनी युद्ध के इर्द-गिर्द घूमती है।

बेक माई केक फिल्म्स के सहयोग से एक मैडॉक फिल्म्स प्रोडक्शन, तेहरान का निर्देशन अरुण गोपालन ने किया है, जिसे रितेश शाह और आशीष प्रकाश वर्मा ने लिखा है, जिसे दिनेश विजान, शोभना यादव और संदीप लेजेल द्वारा निर्मित किया गया है।जॉन आगामी फिल्म पठान में दीपिका पादुकोण और शाहरुख खान के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते हुए भी दिखाई देंगे। मानुषी की विक्की कौशल के साथ एक फिल्म



पाइपलाइन में है।

## खेल

टीम इंडिया ने रचा इतिहास

# त्तीसरे वनडे में 119 रन से जीता भारत, वेस्टइंडीज को 39 साल में पहली बार उसके घर में क्लीन स्वीप किया

**टीम इंडिया ने तीसरे वनडे मैच में वेस्टइंडीज को 119 रन से हराकर सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप कर लिया है। भारतीय टीम 39 साल से वेस्टइंडीज में वनडे सीरीज खेल रही है और उसे पहली बार कैरेबियाई टीम को उसके घर में क्लीन स्वीप करने में सफलता मिली है।**




तीसरे वनडे में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारत ने 36 ओवर में 3 विकेट खोकर 225 रन बनाए थे। शुभमन गिल 98 रन बनाकर नाबाद थे। कप्तान शिखर धवन ने 58 और श्रेयस अय्यर ने 44 रन बनाए। तभी तेज बारिश शुरू हो गई और भारतीय पारी को वहीं समाप्त कर दिया गया।

वेस्टइंडीज को डकवर्थ लेविस नियम के तहत 35 ओवर में 257 रन का टारगेट मिला, लेकिन कैरेबियाई टीम 26 ओवर में 137 रन के स्कोर पर सिमट गई। ब्रैंडन किंग और निकोलस पूरन ने 42-42 रन बनाए। लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। मोहम्मद सिराज और शार्दूल ठाकुर को 2-2 विकेट मिले। अक्षर पटेल और प्रसिद्ध कृष्णा को 1-1 सफलता मिली।

वेस्टइंडीज की शुरुआत बहुत खराब रही। मोहम्मद सिराज ने एक ही ओवर में काइल मेयर्स और शेमार ब्रूक्स का विकेट लिया। दोनों के आउट होने के बाद शाई होप ने कुछ देर तक पारी संभाली, लेकिन वो 33 गेंद में 22 रन बनाकर आउट हो गए। उनका विकेट युजवेंद्र चहल ने लिया। एक समय ऐसा लगा कि ब्रैंडन किंग टीम इंडिया के लिए खतरा साबित हो सकते हैं। वो 37 गेंद में 42 रन बनाकर खेल रहे थे, लेकिन उनको अक्षर पटेल ने उन्हें क्लीन बोल्ड कर वेस्टइंडीज को चौथा झटका दिया। इसके बाद कोई भी कैरेबियाई बल्लेबाज भारतीय आक्रमण के आगे नहीं टिक पाया।

## धवन ने जमाई करियर की 37वीं फिफ्टी

*कप्तान धवन अपने वनडे करियर की 37वीं फिफ्टी लगाकर आउट हुए। उनके बल्ले से 58 रन निकले। पहले विकेट के लिए शुभमन गिल और शिखर धवन के बीच 138 गेंद में 113 रन की साझेदारी हुई। दोनों ने शुरू से ही वेस्टइंडीज के गेंदबाजों को हावी नहीं होने दिया।*

# काउंटी में एक बार फिर से चमके नवदीप सैनी



लंदन, 27 जुलाई। भारतीय तेज गेंदबाज़ नवदीप सैनी का काउंटी क्रिकेट में शानदार सफ़र जारी है। केंट के लिए खेलते हुए लैंकशायर के ख़िलाफ़ मैच के पहले दिन उन्होंने तीन विकेट चटकाए। इन तीन विकेटों में सैनी एक समय हैट्रिक लेने की कगार पर भी थे। बारिश की वजह से दिन का खेल पूरा नहीं हो पाया और लैंकशायर ने चार विकेट पर 112 रन बनाए हैं। लैंकशायर के लिए कीटन जेनिंग्स और लुक वेल्स शानदार लय में चल रहे थे। वे दोनों इस बार भी एक अच्छे स्कोर की ओर देख रहे थे लेकिन सैनी ने जेनिंग्स को पहली स्लिप में आउट कराकर अपना पहला विकेट निकाला। कप्तान स्टीवन क्रॉफ्ट के साथ मिलकर वेल्स अब एक अच्छी साझेदारी करते दिख रहे थे। सैनी ने 28वें ओवर की पांचवीं गेंद पर वेल्स को भी चलता कर दिया।

## एक नजर

### एशियाई शूटिंग महासंघ ने चैंपियनशिप 2024 की तिथियों की घोषणा की

**हॉली (कुवैत)** । एशियाई निशानेबाजी परिसंघ की कार्यकारी समिति ने पेरिस ओलंपिक कोटा स्थानों के साथ एएससी चैंपियनशिप 2024 के लिए मेजबान संघों की घोषणा की। एशियाई राइफल और पिस्टल चैंपियनशिप 2024 की मेजबानी 11-24 फरवरी तक इंडोनेशिया निशानेबाजी संघ करेगा, जहां पेरिस ओलंपिक के लिए 16 एशियाई महाद्वीपीय कोटा स्थान दांव पर होंगे। दूसरी ओर, कुवैत निशानेबाजी महासंघ 12 से 23 जनवरी तक एशियाई शॉटगन चैंपियनशिप 2024 की मेजबानी करेगा जहां पेरिस 2024 के लिए आठ महाद्वीपीय कोटा स्थान हथियाने के लिए होंगे।



### लवलीना की कोच को एक्रीडिटेशन मिला

**बर्मिंघम** । स्टार मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन की निजी कोच संध्या गुरुंग को राष्ट्रमंडल खेलों के लिए एक्रीडिटेशन (मान्यता) मिल गया। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना ने दावा किया था कि उनके कोच के 'लगातार उत्पीड़न के कारण उनकी तैयारियां प्रभावित हो रही हैं। संध्या भारतीय टीम की सहायक कोच भी हैं। उन्हें प्रतियोगिता से कुछ ही दिन पहले भारतीय दल में शामिल किया गया। उन्हें खेल गांव में प्रवेश की स्वीकृति नहीं मिली, क्योंकि उनके पास एक्रीडिटेशन नहीं था जिससे विवाद पैदा हो गया। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अधिकारी ने बताया, 'संध्या को आज सुबह मुक्केबाजी खेल गांव लाया गया और एक्रीडिटेशन दिया गया। वह अब टीम के साथ हैं।

### वैश्विक टी20 लीग में आईपीएल फ्रेंचाइजी का दबदबा खतरनाक : गिलक्रिस्ट

**मेलबर्न** । अपने जमाने के दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट ने विश्व क्रिकेट में इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी के बढ़ते प्रभुत्व पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनकी 'एकाधिकार' की मौजूदा प्रवृत्ति खतरनाक है।

गिलक्रिस्ट की टिप्पणी उन रिपोर्टों की पृष्ठभूमि में आई है जिनमें कहा गया है कि ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वार्नर इस सत्र में बिग बैश लीग (बीबीएल) से बाहर हो सकते हैं और उसके बजाय अधिक आकर्षक संयुक्त अरब अमीरात टी20 लीग में खेल सकते हैं।

दिलचस्प बात यह है कि तीन आईपीएल फ्रेंचाइजी- मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइट राइडर्स और दिल्ली कैपिटल्स ने यूएई टी20 लीग में टीमों में निवेश किया है।

गिलक्रिस्ट ने कहा, वह डेविड वॉर्नर को बीबीएल में खेलने के लिए मजबूर नहीं कर सकते हैं। मैं इस बात को समझता हूं। केवल वॉर्नर ही नहीं अन्य खिलाड़ी भी इसमें शामिल होंगे। यह आईपीएल फ्रेंचाइजी का वैश्विक स्तर पर बढ़ता दबदबा है जिनके पास कैरेबियाई प्रीमियर लीग में कई टीमों का स्वामित्व है। उन्होंने कहा, यह थोड़ा खतरनाक चलन है क्योंकि यह उस स्वामित्व और खिलाड़ियों के स्वामित्व और उनकी प्रतिभा पर एकाधिकार करने से जुड़ा है।

**CWG** की ओपनिंग सेरेमनी में सिंधु थामेंगीं तिरंगा

# चोटिल नीरज चोपड़ा की जगह होंगी भारत की ध्वजवाहक




बर्मिंघम में हो रहे कॉमनवेल्थ गेम्स (CWG) की ओपनिंग सेरेमनी में पीवी सिंधु भारत की ध्वजवाहक होंगी। वह चोटिल नीरज चोपड़ा की जगह लेंगी। भारतीय ओलिंपिक संघ ने इसकी घोषणा बुधवार को की। ओपनिंग सेरेमनी भारतीय समयानुसार आज रात 11.30 बजे शुरू होगी।

सिंधु दो बार की ओलिंपिक मेडलिस्ट हैं। उन्होंने 2016 रियो ओलिंपिक में बैडमिंटन में सिल्वर और टोक्यो ओलिंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। सिंधु को फ्लैग बियरर बनने का मौका लगातार दूसरी बार मिला है। वह पिछली बार ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट (2018) में भी भारत की ध्वजवाहक थीं।

सिंधु के अलावा टोक्यो ओलिंपिक में वेटलिफ्टिंग में सिल्वर मेडल जीतने वाली मीराबाई चानू और बॉक्सिंग में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली लवलीना बोरगोहेन के नाम पर भी विचार किया गया, लेकिन आखिर में चार सदस्यीय कमेटी ने पीवी सिंधु के नाम पर मुहर लगाई। इस कमेटी में ओलिंपिक संघ के अध्यक्ष अनिल खन्ना, सेक्रेटरी राजीव मेहता, ट्रेजरार आनंदेश्वर पांडे और टीम इंडिया के मिशन प्रमुख (Chef de Mission) राजेश भंडारी शामिल थे।

# 2025 में विमेन वर्ल्ड कप की मेजबानी करेगा भारत

बांग्लादेश-इंग्लैंड में होंगे 2024, 2026 के टी-20 वर्ल्ड कप; ICC ने 5 साल के क्रिकेट कार्यक्रम का ऐलान किया

भारत 2025 में ICC वनडे विमेन वर्ल्ड कप की मेजबानी करने जा रहा है। उसे 12 साल बाद महिलाओं के वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी मिली है। भारत ने इंटरनेशनल क्रिकेट कमेटी की बैठक में सफल बोली लगाई है। ICC ने मंगलवार रात को अपने 5 साल के इंटरनेशनल शेड्यूल का ऐलान किया है।




इसके तहत 2024 और 2026 में होने जा रहे विमेन टी-20 वर्ल्ड कप कराने का जिम्मा बांग्लादेश और इंग्लैंड को सौंपा गया है। श्रीलंका को पहली महिला टी-20 चैंपियनशिप 2027 का मेजबान बनाया है। मेजबानों का ऐलान बोली प्रक्रिया के बाद किया गया है। हर बोली की समीक्षा उप-समिति ने की। जिसकी अध्यक्षता मार्टिन स्नेडेन क्लेयर कॉनर, सौरव गांगुली और रिकी स्केरिट के साथ कर रहे थे।

## 2024-27 तक एशिया में 3 ICC इवेंट

एशिया को 4 में से 3 ICC इवेंट की मेजबानी मिली है, जबकि एक इंग्लैंड के हिस्से गई है। बोली में भारत को वनडे, बांग्लादेश को टी-20 वर्ल्ड कप मिले हैं। साथ ही श्रीलंका को टी-20 चैंपियनशिप मिली है। वहीं, इंग्लैंड को एक टी-20 वर्ल्ड कप दिया गया है।

भारत 12 साल बाद विमेन के वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी करने जा रहा है। उसने इससे पहले 2013 में महिलाओं के वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी की थी। इंग्लैंड 2009 के बाद पहली बार महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी करेगा।

# हरेली त्यौहार के साथ पोदला उरस्कना की शुरुआत की

## कोंडागांव पुलिस ने ग्राम जोबा में ग्रामीणों व सीआरपीएफ के साथ मिलकर मनाया हरेली त्यौहार







जोहार छत्तीसगढ़

**कोंडागांव।** कोंडागांव पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल (भा.पु.से.) ने आज दिनांक 28.07.2022 को हरेली त्यौहार के दौरान ग्राम जोबा में सीआरपीएफ एवं ग्रामीणों के साथ मिलकर हरेली त्यौहार मनाने के साथ ही साथ वृक्षारोपण पर आधारित कार्यक्रम पोदला उरस्कना की शुरुआत की। पोदला उरस्कना के तहत कोंडागांव जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा ग्राम जोबा में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया एवं ग्राम वासियों के उत्साहवर्धन हेतु सीआरपीएफ व पुलिस के अधिकारियो की संयुक्त टीम के द्वारा ग्राम वासियों के साथ क्रिकेट खेला गया। पुलिस अधीक्षक एवं सीआरपीएफ के साथ क्रिकेट खेलने से ग्रामवासी अत्यंत खुश दिखे।

ज्ञात हो कि वर्ष 2021 से पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज श्री पी सुंदरराज द्वारा बस्तर संभाग में वृक्षारोपण त्यौहार पोदला उरस्कना

> आईजी बस्तर पी सुंदरराज (भा.पु.से.) के नेतृत्व में वर्ष 2021 से बस्तर संभाग मे हर साल मनाया जाता है पोदला उरस्कना।
>
> वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित कर मनाया जाता है पोदला उरस्कना।
>
> पुलिस व सीआरपीएफ ने ग्राम जोबा के खिलाड़ियों के साथ खेला क्रिकेट।

की शुरुआत की गई है, पुलिस का यह वृक्षारोपण कार्यक्रम हरेली त्यौहार से प्रारंभ होकर विश्व आदिवासी दिवस दिनांक 9 अगस्त 2022 तक चलता रहेगा। इस दौरान कोंडागांव जिले के सभी थाना क्षेत्र में पुलिस के अधिकारी एवं जवानों द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम करते हुए पोदला उरस्कना मनाया जाएगा।

ग्राम जोबा में वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान पुलिस द्वारा पौधे लगाने के साथ ही साथ समस्त ग्राम वासियों को पेड़ों के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। ग्रामीणों को पेड़ों की कटाई रोकने व अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाने हेतु जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक कोंडागांव श्री दिव्यांग पटेल (भा.पु.से), एडिशनल एसपी श्री राहुल देव शर्मा, एडिशनल एसपी श्री शोभराज अग्रवाल, डीएसपी श्री निमितेश सिंह एवं सीआरपीएफ के अधिकारी, जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्राम वासियों ने हरेली त्यौहार के दौरान वृक्षारोपण कार्यक्रम करने के लिए पुलिस विभाग का आभार व्यक्त किया।

# पोदला उरस्कना के तहत फरसगांव थाना परिसर में पत्रकारों और पुलिस ने लगाये पौधे

जोहार छत्तीसगढ़





**फरसगांव।** बस्तर पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी के निर्देशानुसार समूचे बस्तर संभाग में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे वृक्षारोपण कार्यक्रम % पोदला उरस्कना के तहत इन दिनों प्रत्येक थाना में पुलिस के द्वारा पौधे लगाए जा रहें हैं इसी तारतम्य में आज 28 जुलाई गुरुवार को छत्तीसगढ़ के प्रथम त्योहार हरेली के उपलक्ष्य में फरसगांव थाना प्रभारी भापेंद्र साहू व स्टाफ द्वारा स्थानीय पत्रकारों के साथ मिल कर थाना परिसर में कई प्रकार के पौधे लगाए गए हैं थाना प्रभारी भापेंद्र साहू ने इस कार्यक्रम के माध्यम से पेड़ों के महत्व को बताते हुए समस्त ग्रामवासियों से अपील की हैं आप सभी ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले पेड़ों की कटाई पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाएं ताकि भविष्य में हमें पेड़ों की कमी के कारण होने वाले दुष्प्रभावों का सामना करने की आवश्यकता न पड़े इस दौरान थाना प्रभारी भापेंद्र साहू, एएसआई रूखमणी मंडावी, किशोर प्रजापति, प्रधान आरक्षक साधना सिंह मनीता वट्टी, बीना मंडावी, सतीश चीन्डा, कृष्णा साहू आरक्षक, दयबती कांगे, भानुप्रिया मरकाम, मनोज वट्टी, अजरंग बघेल, घनश्याम यादव, कृष्णा शेठिया, धनी सलाम, फरसगांव पुलिस की टीम मौजूद रही ।

# विधायक मरकाम ने हरेली तिहार के मौके पर बड़ेकनेरा गौठान में गौमूत्र क्रय एवं उत्पाद निर्माण का किया शुभारंभ





जोहार छत्तीसगढ़

**कोण्डागांव।** कृषि प्रधान छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के सार्थक प्रयासों से आज किसानों, गौपालकों और ग्रामीणों की आय संवृद्धि सहित जैविक खेती को बढ़ावा मिला है। गौठानों में गोधन न्याय योजनान्तर्गत गोबर खरीदी एवं गोबर के अन्य उत्पाद से महिला समूह की बहनों तथा गौठान समिति को आमदनी हो रही है। अब राज्य सरकार ने गौमूत्र खरीदी प्रारंभ कर गौमूत्र से जीवामृत, बीजामृत, नीमामृत, ब्रम्हास्त्र जैसे उत्पाद तैयार करने की जिम्मेदारी इन महिला समूहों को सौंपा है। जिससे फसलों में कीट प्रकोप के नियंत्रण सहित फसल का अच्छा उत्पादन प्राप्त हो सकेगा। राज्य सरकार किसानों, ग्रामीणों की आय बढ़ाने की दिशा में गौठानों को आजीविका का केन्द्र बना चुकी है, जहां मछलीपालन, कुक्कुटपालन, पशुपालन, सुकरपालन सहित साग-सब्जी का उत्पादन और अन्य आयमूलक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिला है।

> **ग्रामीणों ने उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया हरेली तिहार**
>
> **किसानों एवं ग्रामीणों की आय संवृद्धि सहित जैविक खेती को बढ़ावा देने कटिबद्ध है सरकार- विधायक श्री मरकाम**

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ की परम्परा-संस्कृति को जीवंत रखने हमारे तीज त्यौहारों को मनाने के साथ ही अवकाश घोषित किया है और छत्तीसगढ़ गौरव-मान को पुर्नस्थापित किया है। यह बात विधायक कोण्डागांव श्री मोहन मरकाम ने छत्तीसगढ़ की पहली तिहार हरेली तिहार के अवसर पर बड़ेकनेरा में गोधन न्याय योजनान्तर्गत गौमूत्र क्रय एवं उत्पाद निर्माण का शुभारंभ करने के पश्चात स्थानीय हल्बी बोली में पंचायत पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों को हरेली तिहार की बधाई देते हुए कही। विधायक श्री मरकाम ने इस अवसर पर राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि राज्य सरकार किसानों, ग्रामीणों सहित सभी तबके के लोगों के विकास के लिए लिए कटिबद्ध है। उन्होने इन योजनाओं से लाभान्वित होकर विकास की दिशा में सहभागी बनने का आग्रह ग्रामीणों से किया। इस मौके पर कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने छत्तीसगढ़ी में हरेली तिहार की गाड़ा-गाड़ा बधाई देते हुए कहा कि गौमूत्र किसानों एवं ग्रामीणों की आर्थिक समृद्धि का आधार बनेगा। गौठानों में गौमूत्र की खरीदी सहित जीवामृत, बीजामृत जैसी कीटनाशक के साथ ही विभिन्न प्रकार की औषधियों का निर्माण किया जायेगा। इससे सीधे ग्रामीणों को रोजगार मिलेगा। उन्होने किसानों, पशुपालकों एवं ग्रामीणों को पंजीयन करवाकर गौमूत्र विक्रय करने की समझाईश दी। वही महिला समूह की दीदीयों को गौमूत्र खरीदी करने सहित गौमूत्र के उत्पाद तैयार करने परामर्श दी। उन्होने जिले में शासन की जनहितकारी योजनाओं का कारगर ढंग से क्रियान्वयन किये जाने कटिबद्धता व्यक्त की। इस अधार पर सांसद प्रतिनिधी श्री दशरथ नेताम एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री मनोज सेठिया ने भी ग्रामीणों को अमूस तिहार की बधाई देते हुए कहा कि किसान पुत्र मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने तीज-त्यौहारों को परम्परागत ढंग से मनाये जाने प्रोत्साहन देकर छत्तीसगढ़िया मान को बढ़ाया है।





# हरेली त्यौहार पर आंदोलनकर्मी वृक्षारोपण एवं नंदी बैला को सौंपा ज्ञापन

## 29 जुलाई को संभाग एवं 30 जुलाई को राजधानी में होगा विशाल रैली प्रदर्शन

जोहार छत्तीसगढ़

कोंडागांव -छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रांतीय आव्हान पर केन्द्र के समान 34 प्रतिशत महगाई भत्ता व गृह भाड़ा भत्ता को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन के चौथे दिन विकास नगर स्टेडियम में शिक्षको की हड़ताल जारी रही, जिसमे शासन प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की गई।



आंदोलन को लेकर सरकार की अनदेखी से सभी बहुत नाराज दिखे। हरेली त्यौहार के अवसर पर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन कोण्डागांव के द्वारा अपने मांगों के पूरा कराने अलग अलग तरीके का उपयोग किया जा रहा है, इसी कड़ी में टीचर्स एसोसिएशन बड़ेराजपुर में जिला संयोजक अखिलेश राय, ब्लॉक अध्यक्ष प्रभुलाल केमरो, महिला प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष सुशीला चांदेकर एवं शिक्षकों ने नंदी बैला को सांकेतिक तौर पर ज्ञापन सौंपा गया एवं जिला मुख्यालय में जिलाध्यक्ष ऋषिदेव सिंह, प्रदेश पदाधिकारी चन्द्रकान्त ठाकुर, नीलम श्रीवास्तव, मालती ध्रुव, दंतेश्वरी नायडू, लीना तिवारी के नेतृत्व में वृक्षारोपण कर अपने मांग सरकार तक पहूंचाने का प्रयास किया। सभी शिक्षकों द्वारा वृक्षारोपण कर हरेली तिहार मनाया गया ।

आंदोलन के पांचवें दिन 29 जुलाई को संभाग में एवं 30 जुलाई को छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के सभी शिक्षको द्वारा अपनी मांगों को लेकर रायपुर में विशाल रैली प्रदर्शन कर माननीय मुख्यमंत्री जी छत्तीसगढ़ शासन मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन सचिव छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग सचिव छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के नाम पर ज्ञापन सौपा जाएगा। साथ ही आंदोलन की आगे की रूपरेखा सबके परामर्श से तैयार की जाएगी। ज्ञात हो कि इस आंदोलन से सरकारी कामकाज पूरी तरह ठप्प हैं स्कूलों में ताला बन्दी हैं । आंदोलन के कारण मुख्यमंत्री के मंशानुरूप स्कूलों में हरेली त्यौहार कार्यक्रम प्रभावित हुआ ।

इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष दंतेश्वरी नायडू, रचना बैस, रेखा ठाकुर, नीरू सिंह, शशि यादव, उषा साहू, नीतू वर्मा, रंजन चंदेल, तिजुराम कोर्राम, कुंती कोर्राम, उषा यादव, बसन्ती यादव, प्रेमलता ध्रुवे, दलपती प्रसाद, नरुणा देवांगन, ओमना लकड़ा, अंजू बेरा, छायावती ठाकुर, प्रियंका भगत, अर्पिता श्रीवास्तव, बिंदु सिंह, शिवकुमार मंडावी, कमलेश्वर कुमेटी, बुद्धेश्वर बघेल, रंजीत टीर्की, जयंती सुरजाल, निशा प्रधान, शिशिर दुबे, मंछाराम, अमलेश बारले, वेद प्रकाश सुदन राम नेताम, अवध मिश्रा सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे



## एक नजर

### बस्तर विकास प्राधिकरण की बैठक 30 जुलाई को कोंडागांव में

**कोण्डागांव।** बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री लखेश्वर बघेल की अध्यक्षता में 30 जुलाई को प्रातः 11 बजे कोण्डागांव जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। संभाग आयुक्त एवं प्राधिकरण के सदस्य सचिव श्री श्याम धावड़े ने बताया कि बैठक में बस्तर संभाग के विकास कार्यों और प्राधिकरण के अन्य आवश्यक विषयों पर चर्चा की जाएगी । पूर्व में यह बैठक 7 जुलाई को प्रस्तावित थी, जिसे अपरिहार्य कारणों से संशोधित करते हुए 30 जुलाई को प्रातः 11 बजे किया गया है।

### ग्रामीण अंचल क्षेत्रो में आई आंधी

घर, बाईक और साईकल के ऊपर गिरा पेड़





**फरसगांव (जोहार छत्तीसगढ़)।** विकास खंड फरसगांव अंतर्गत ग्रामीण अंचलो में तेज हवा के साथ बारिस हुई जिसके चलते ग्रामीण अंचल क्षेत्रो में कई स्थानों मे पेड गिरे हैं वही ग्राम बानगांव निवासी डिगेन्द्र यादव के घर में विशाल काय पेड़ किचन के ऊपर गिरा जिसके चलते पास रखी दो मोटर साईकल एक साईकल पेड़ के नीचे दब गई हैं जिस वक़्त पेड़ गिरा उस वक़्त किचन के समीप कोई नहीं था नहीं तो बड़ी जन हानि होने की सम्भावना हो सकती थी ।

तेज लाईट के चलते नहीं दिखी ख़डी ट्रक

### ख़डी ट्रक के पीछे जा घुसी स्कूटी

स्कूटी सवार की हुई मौत





**फरसगांव (जोहार छत्तीसगढ़)।** फरसगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाइवे 30 कुल्हाड़गांव और जुगानी के बीच खड़ी ट्रक में जा घुसा स्कूटी सवार, स्कूटी चालक की हुई मौत मिली जानकारी के अनुसार मृतक भवेंद्र साना पिता स्व नगेन्द्र साना उम्र 59 वर्ष बोरगाव निवासी चिपावंड बाजार से अपने घर बोरगांव जा रहा था इस दौरान कुल्हाड़गांव और जुगानी के मध्य सामने से आ रही गाडी की तेज लाइट की वजह से खड़ी ट्रक को देख नहीं पाया और ट्रक क्रमांक CG 04 NJ 7969 के पीछे जा घुसा जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया दुर्घटना के बाद उसे तत्काल कोंडागांव जिला अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने मृत घोषित किया फरसगांव पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गई ।

### गाज गिरने से दो घायल अस्पताल में ईलाज जारी



**फरसगांव (जोहार छत्तीसगढ़)।** बहीगांव में आकाशीय बिजली गिरने से दो महिला बुरी तरह घायल केशकाल अस्पताल में ईलाज जारी केशकाल थाना अंतर्गत ग्राम बहीगांव के गुडरीपारा में अचानक आकाशीय बिजली गिरने के चलते दो लोग आकाशीय बिजली की चपेट में आ गये दोनों घायल हो गये दोनों का नाम मंगई, ममता बताया जा रहा हैं यह दोनों बहीगांव गुडरी पारा निवासी हैं गाय चराने गई हुई थी उसी दौरान यह हादसा हुआ केशकाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहाँ पर उपचार जारी है ।



### तवेरा की ठोकर से मोटरसाइकिल चालक की मौत

**गरियाबंद ।** जतमाई माता के दर्शन करने जा रहे बाइक सवार तीन लोगों को तवेरा वाहन ने ठोकर मार दी जिससे,एक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल है,पूरा मामला छुरा थानाक्षेत्र का है।घटना के विषय मे मिली जानकारी के अनुसार बागबाहरा ब्लॉक के ग्राम फिरगी के रहने वाले 6 युवक अलग अलग दो मोटरसाइकिल में सवार होकर जतमाई माता का दर्शन करने आ रहे थे तभी जतमाई धाम से 1 किमी पहले विपरीत दिशा से आ रही तवेरा वाहन क्रमांक सीजी 04 एचक्यु 1494 में एक मोटरसाइकिल की भिड़ंत हो गयी जिसमे मौके पर ही मोटरसाइकिल चालक रूप कुमार ध्रुव की मौत हो गयी जबकि उसमें सवार दो अन्य लोग भोला राम और नंदू पटेल दोनो गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हें स्थानीय अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया है।

# जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया हरेली तिहार

## बनोरा गौठान में आयोजित हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम, गौमूत्र खरीदी की हुयी शुरुआत

जोहार छत्तीसगढ़

रायगढ़ । छत्तीसगढ़ का पहला त्यौहार हरेली जिले में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रायगढ़ विकासखंड के बनोरा गौठान में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।







जिसमें विधायक रायगढ़ श्री प्रकाश नायक, कलेक्टर श्रीमती रानू साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री निराकार पटेल, सीईओ जिला पंचायत श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती संगीता गुप्ता, जनपद पंचायत रायगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती भूमिसूता चौहान शामिल हुए। इस अवसर पर कृषि यंत्रों की पूजा-अर्चना कर शासन की जैविक कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रारंभ की जा रही योजना के तहत आज से गौमूत्र खरीदी की भी शुरुआत की गयी।

इस मौके पर विधायक रायगढ़ श्री प्रकाश नायक ने सभी को हरेली तिहार की बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ का यह त्यौहार हमारे पूर्वज बड़े उल्लास के साथ मनाते थे। किंतु आज इसका आयोजन वैसा नहीं रह गया था। लेकिन अब मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में शासन ने अपनी लोक परंपराओं, रीति-रिवाजों और तीज त्यौहारों को सहेजने संवारने का काम शुरू किया है। जिससे आने वाली पीढ़ी को हमारे इन सांस्कृतिक मूल्यों के बारे में पता चले। उन्होंने कहा कि शासन की नीतियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के उद्देश्य से निर्मित और क्रियान्वित की जा रही हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री निराकार पटेल ने त्यौहार की सभी को बधाई देते हुए कहा कि कृषि प्रधान प्रदेश में ग्राम स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित कर उसमें महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की शासन की पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज महिलाएं गौठानों में रोजगार की विभिन्न गतिविधियों से जुड़कर आय अर्जित कर रही है और नयी विधाएं सीख रही हैं।

कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने इस मौके पर सभी को हरेली त्यौहार की बधाई दी। उन्होंने कहा कि शासन की योजनानुसार आज से गौ-मूत्र खरीदी की शुरुआत हो रही है। इससे न केवल पशुपालकों के आय में वृद्धि होगी बल्कि जैविक कृषि को भी बढ़ावा मिलेगा और साथ ही महिलाओं के लिए स्वरोजगार के नए मौके बनेंगे। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं से महिलाएं स्वावलंबी बन रही हैं। गौठानों में रोजगार मूलक कार्यों से जुड़कर वे आय अर्जित कर रही हैं। उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आय के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य व पोषण का पूरा ध्यान रखें। तीन रंगों वाला आहार अपने खान पान में शामिल करें। उन्होंने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई पर विशेष जोर देते हुए कहा कि शिक्षा के बदौलत व्यक्ति जीवन में सफलता की नई ऊंचाइयां छू सकता है। अतः बच्चों को अच्छे से पढ़ाएं। अंत में उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व सभी के जीवन में खुशी और समृद्धि लेकर आए।

इस अवसर पर रायगढ़ महिला संघ ब्लॉक लेवल फेडरेशन को सी-मार्ट के कार्यों के लिए एक ई-रिक्शा प्रदान किया गया। साथ ही गौठान परिसर में अतिथियों के द्वारा कटहल के पौधे का रोपण भी किया गया। इस अवसर पर एसडीएम रायगढ़ श्री गगन शर्मा, सीईओ जनपद रायगढ़ श्री रूपेन्द्र पटेल, उप संचालक पशु श्री आर.एच.पाण्डेय, सहायक संचालक कृषि श्री हरीश राठौर, सहायक संचालक उद्यानिकी श्री कमलेश दीवान, सहायक संचालक खेल श्री संजय पॉल सहित जिला प्रशासन के विभिन्न अधिकारीगण व ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस मौके पर कार्यक्रम का प्रभावी संचालन प्राचार्य श्री राजेश डेनियल ने किया।

### 84 लीटर गौ-मूत्र की हुयी खरीदी

आज से जिले में गौ-मूत्र खरीदी की शुरुआत हुयी। आज रायगढ़ के बनोरा और पुसौर के सूपा गौठान में खरीदी प्रारंभ की गई। बनोरा में 34 लीटर और सूपा में 50 लीटर सहित कुल 84 लीटर गौ-मूत्र की खरीदी की गई। गौ-मूत्र खरीदी के लिए महिला समूहों को पशुपालन विभाग द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है।

### पारंपरिक खेलों का हुआ आयोजन, विजेताओं को दिए गए पुरुस्कार

हरेली त्यौहार के अवसर पर ग्राम बनोरा के गोठान में समूह की महिलाओं के बीच रस्साकशी, गेड़ी दौड़, कुर्सी दौड़, फुगड़ी जैसे विभिन्न पारंपरिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने स्वस्फूर्त बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कुर्सी दौड़ में संतोषी राठिया प्रथम एवं पद्मनी राठिया द्वितीय रही, इसी प्रकार गेड़ी दौड़ में गुरुवारी भगत नारी एकता समूह, फुगड़ी में गुरुवारी भगत, नारी एकता समूह प्रथम तथा सरस्वती समूह की जागेश्वरी सिदार द्वितीय रही। रस्साकशी में प्रथम स्थान में नारी शक्ति समूह एवं दूसरे स्थान में महिला कल्याण समूह रही।

### हितग्राहियों को किया गया सम्मानित

गोठान में अधिक गोबर विक्रय कर आय अर्जित करने पर अतिथियों द्वारा भीष्म गुप्ता एवं दुखी बाई निषाद को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इसी तरह गोठान प्रबंधन एवं वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन में उत्कृष्ट कार्य करने पर शिवानी महिला स्व-सहायता समूह बनोरा, सर्वेश्वर महिला स्व-सहायता समूह बनोरा, चंद्रहासिनी महिला स्व-सहायता समूह शकरबोगा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग द्वारा पुष्कर सिंह सिदार एवं मंगल सिंह सिदार को मूंग बीज प्रदान किया गया।

## एक नजर

### उज्ज्वल भारत उज्ज्वल भविष्य की थीम के साथ आयोजित हुआ बिजली महोत्सव

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित हुआ कार्यक्रम






**रायगढ़ ।** आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत उज्जवल भारत उज्जवल भविष्य थीम पर सीएसपीडीसीएल और एनटीपीसी के संयुक्त तत्वधान में बिजली महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक, अध्यक्ष जिला पंचायत श्री निराकार पटेल, महापौर नगर निगम श्रीमती जानकी काटजू, कलेक्टर श्रीमती रानू साहू, सीईओ जिला पंचायत श्री अबिनाश मिश्रा अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रायगढ़ श्री प्रकाश नायक ने कहा कि जिले में विद्युतीकरण के क्षेत्र के लिए गए कार्यों से आज जिला शत-प्रतिशत विद्युतीकृत हो चुका है। जिले में आज कुल 4562 मजरे टोले को भी पूर्ण रूप से विद्युतीकृत किया जा चुका है। बिजली मूलभूत आवश्यकताओं में शामिल है। राज्य सरकार द्वारा लोगों को बिजली बिल से राहत देने के बिजली हॉफ योजना काफी कारगर साबित हुई है। जिससे आमजन को काफी राहत मिली है। आज मुख्यमत्री हॉफ बिजली योजना से 2 लाख से अधिक उपभोक्ताओं की 92 करोड़ से अधिक राशि की छूट प्रदान की गई है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री निराकार पटेल ने कहा कि शासन द्वारा विद्युतीकरण एवं उपभोक्ताओं के राहत के लिए विभिन्न योजना संचालित की जा रही है। जिससे लोगों को निरंतर विद्युत आपूर्ति का लाभ मिले, जिसके लिए मुख्यमत्री अधोसंरचना का विकास कार्य भी किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत उपकेंद्रों की संख्या बढ़ाने के अलावा नवीन उपकेंद्रों की स्थापना की जा रही है। महापौर श्रीमती जानकी काटजू ने कहा कि हर क्षेत्र के विकास के लिए बिजली आवश्यक है। आज किसान से लेकर उद्यमिता के लिए बिजली जरूरी है। शासन द्वारा कृषि के लिए कृषि पंपों को निःशुल्क विद्युत प्रदान किया जा रहा है। जिससे 43 हजार से अधिक किसानों को 6 सौ करोड़ से अधिक छूट का लाभ मिला है। विद्युत एवं ऊर्जा के उपभोग के साथ उसका अपव्यय रोकने की दिशा में भी कार्य करना चाहिए। जिससे अंतिम व्यक्ति को भी उसका शत-प्रतिशत लाभ मिल सके।

इस दौरान कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने कहा कि विद्युतीकरण के क्षेत्र में जिला अग्रसर है, इसके साथ ही विद्युत व्यवस्थाओं के बेहतर संचालन के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे है। जिले के कुल 1426 ग्राम मौजूद है जो पूर्ण रूप से विद्युतीकृत है। इसी प्रकार 4562 मजरे टोले को भी शत-प्रतिशत विद्युतीकृत किया जा चुका है। शासन द्वारा विद्युत प्रदाय की दिशा में विभिन्न योजनाओं और कार्यों का संचालन किया जा रहा है। जिसका सीधा लाभ किसानों और आमजन को हुआ है। शासन द्वारा बिजली हॉफ योजना, पंपों को निःशुल्क विद्युत प्रदाय, पंपों का विद्युतीकरण, बीपीएल उपभोक्ताओं को निःशुल्क बिजली, मजरा टोला विद्युतीकरण योजना, शहरी विद्युतीकरण एवं विद्युत अधोसंरचना विकास का कार्य किया जा रहा है। जिसे गांव, मजरा टोला एवं मोहल्लों को विद्युतीकरण किया गया। आज मुख्यमंत्री बिजली हॉफ -योजना से 2 लाख 3073 हितग्राहियों को 92.21 करोड़ की राशि छूट प्रदान की गई। इसी प्रकार कृषि पंपों को निःशुल्क विद्युत अन्तर्गत 624.24 करोड़ छूट दी गई जिससे 43 हजार 214 हितग्राहियों को लाभ मिला। 04 वर्षो में 6 हजार 211 सिंचाई पंपों का विद्युतीकरण किया गया साथ ही 01 लाख 19 हजार 420 बीपीएल उपभोक्ताओं को 46.91 करोड़ की छूट दी गई। शासन द्वारा मुख्यमंत्री मजरा टोला विद्युतीकरण योजना के तहत 25 कार्यों तथा शहरी विद्युतीकरण योजना के तहत 539 कार्यों को संपादित किया गया। मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के तहत लो-वोल्टेज क्षेत्र में नया विद्युत उपकेंद्र निर्माण का कार्य किया जा रहा है। जिससे लोगो को बिजली की उपलब्धता और भी सुलभ हो जायेगी।

## हरेली तिहार मे गेड़ी चड़कर चौथे दिवस के आंदोलन का किया गया आगाज

### चिला रोटी गुलगुला भजिया छत्तीसगढ़ के व्यंजनों का किया गया वितरण

**गरियाबंद ।** छत्तीसगढ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर 5 दिवसीय निश्चित कालीन आंदोलन के चौथे दिवस ब्लॉक एवं जिला मुख्यालय में छत्तीसगढ़ के परम्परागत त्योहार हरेली तेहार जो राज्य की पहचान है प्रथम त्योहार को गेड़ी चड़कर राजकीय गीत के साथ हड़ताली कर्मचारी अधिकारियों साथियों की भारी भीड के साथ प्रारंभ किया गया।पण्डाल पर उपस्थित होकर हड़ताली कर्मचारियों अधिकारियों ने दो सुत्रीय मांग को लेकर आवाज बुंलद किया गया है।जिला संयोजक प्रदीप कुमार वर्मा महासचिव बसंत त्रिवेदी एवं ब्लॉक संयोजक गरियाबंद मनोज कुमार खरे ने बताया कि प्रांतीय आह्वान अनुसार आंदोलन संचालित किया जा रहा है,हड़ताली साथियों ने चौथे दिवस के आंदोलन मे बड़चड् कर भाग लिया साथ ही हरेली त्योहार के उपलक्छ मे पंडाल पर ही नागर गेड़ी किसानी के औजार का विधिवत पूजन कर छत्तीसगढी व्यंजन का वितरण हड़ताली साथियों मे किया गया, चरण बद्ध आंदोलन के तीसरा चरण दिनांक 25 जुलाई 2022 से प्रारंभ हुआ है सभी ब्लाको मे हरेली त्योहार धरना स्थल पर बड़े हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया।

## हरेली, हरियाली का है प्रतिक-किसान जोगेन्दर यादव

### हरेली पर्व हमारी गौरवशाली संस्कृति और विरासत का हिस्सा- डॉ मिथलेश पाठक

### प्रदेश की गौरवशाली छत्तीसगढ़ी संस्कृति एवं परम्परा को संजोने हेतु प्रदेश सरकार दृढ़ संकल्पित- सूरज चौरसिया




**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ राज्य की प्रमुख त्यौहार हरेली को जिले में बड़े ही उत्साह पूर्वक मनाया गया। हरेली की गरिमा और लोकप्रियता के संबंध में जानकारी देते हुए समाजसेवी श्री सूरज चौरसिया ने कहा कि हरेली छत्तीसगढ़ की प्राचीन संस्कृति को दर्शाने वाला पर्व है। यह ग्रामीण किसानों का पर्व है। किसान बड़े ही उत्साह के साथ ही इस त्यौहार को मनाकर अपनी सुख समृद्धि एवं चारों ओर हरियाली की कामना करते है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की गौरवशाली छत्तीसगढ़ी संस्कृति एवं परम्परा को संजोने हेतु छत्तीसगढ़ सरकार दृढ़ संकल्पित है। प्रदेश सरकार ने विगत वर्षो में हरेली पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाकर इस पर्व की मान व लोकप्रियता को पूरे देश में फैलाया है। पूरे राज्य में हरेली पर्व के अवसर पर गौठानो में पारंपरिक खेल छत्तीसगढ़ी पकवान सहित विविध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। प्रदेश सरकार ग्रामीणों के हित एवं विकास के लिए अनेक योजनाओं का संचालन कर रही है। दो वर्ष पूर्व हरेली त्यौहार के अवसर पर ही राज्य में गोधन योजना के तहत गोबर खरीदी प्रारंभ हुई थी। जिससे ग्रामीणों को गोबर विक्रय से लाभ अर्जित हुआ। इस वर्ष हरेली त्यौहार के अवसर पर मुख्यमंत्री ने गौमूत्र खरीदी प्रारंभ की है। निश्चित रूप से इससे गौवंश की सेवा व गौपालकों को लाभ मिलेगा। इस हेतु उन्होंने प्रदेश सरकार के मुखिया श्री भूपेश बघेल को धन्यवाद दिया। साथ ही हरेली पर्व की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी। इसी प्रकार व्याख्याता नव संकल्प शिक्षण संस्थान डॉ. श्री मिथलेश पाठक ने कहा कि हरेली का पर्व हमारी गौरवशाली छत्तीसगढ़ी संस्कृति और विरासत का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि परंपरागत रूप से खेती-किसानी, हरियाली और पर्यावरण को समर्पित हरेली त्यौहार छत्तीसगढ़ के लोगों के प्रकृति के प्रति प्रेम और समर्पण को दर्शाता है। छत्तीसगढ़ के गांव-गांव में हरेली का पर्व बड़े उत्साह और उमंग से मनाया जाता है। हरेली तिहार पर हम अच्छी फसल की कामना के साथ-साथ कृषि के काम आने वाले सभी तरह के उपकरणों की साफ-सफाई और पूजा करते है। वर्तमान में इस त्यौहार की लोकप्रियता को बढ़ाने के लिए युवा वर्ग को भी प्राथमिकता सेशामिल किया जा रहा है जिससे युवा भी इस पर्व की गरिमा को समझकर अपनी संस्कृति पर गौरवान्वित महसूस करे।

# कलेक्टर अग्रवाल की उपस्थिति में जशपुर के सरडीह गौठान में हरेली त्यौहार

## पारंपरिक एवं गरिमामय ढंग से मनाया गया, कलेक्टर ने जिलेवासियों को हरेली त्यौहार की दी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

जोहार छत्तीसगढ़









**जशपुरनगर।** कलेक्टर श्री रितेश कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में जशपुर जनपद के पैंकू पंचायत के सरडीह गौठान में हरेली त्यौहार बड़े ही पारंपरिक एवं गरिमामय ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना लकड़ा, एसडीएम जशपुर श्री बालेश्वर राम, जनपद सीईओ श्री प्रेम सिंह मरकाम सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

कलेक्टर द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभांरभ किया गया साथ ही गौमाता की आरती कर उसे हरा घास खिलाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने जिलेवासियों को हरेली त्यौहार की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हरेली त्यौहार छत्तीसगढ़ की गौरवशाली संस्कृति की पहचान है। यह त्यौहार परंपरागत रूप से कृषि, हरियाली और पर्यावरण को समर्पित है। श्री अग्रवाल ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा हरेली का पर्व बड़े उत्साह और उमंग से मनाया जाता है। उन्होंने सभी ग्रामीणों को प्रदेश सरकार की विभिन्न महत्वकांक्षी योजनाओं की जानकारी देकर योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही सभी को आयुष्मान कार्ड बनवाने एवं कोविड टीकाकरण लगवाने हेतु समझाईश दी।

सीईओ श्री यादव ने कहा कि हरेली पर्व छत्तीसगढ़ के लोगों के प्रकृति प्रेम और समर्पण को दर्शाता है। इस दिन ग्रामीणों द्वाराकृषि उपकरणों की साफ-सफाई और पूजा कर चारों ओर सुख समृद्धि व हरियाली की कामना की जाती है। इस अवसर पर गौठान में विविध रोचक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसके अंतर्गत गेड़ी दौड़, रस्सा-कस्सी, कुर्सी दौड़ सहित अन्य प्रतियोगिता शामिल है। ग्रामीण बड़े उत्साह एवं उमंग के साथ इन प्रतियोगिता में शामिल हुए। साथ ही समूह की महिलाओं द्वारा पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजन की प्रदर्शनी लगाई गई थी। कलेक्टर सहित अन्य उपस्थित अतिथियो द्वारा लोक पारंपरिक व्यंजनों का लुत्फ उठाया गया। इस दौरान कलेक्टर एवं अन्य अतिथियों द्वारा गौठान में संचालित खाद उत्पादन सहित अन्य आजीविका गतिविधियों का मुआयना कर नियमित रूप से गोबर खरीदी करने एवं खाद उत्पादन में प्रगति लाने के लिए कहा। साथ ही गौठान की सूरज स्व सहायता समूह की महिलाओं को बकरी यूनिट एवं गुलाब स्वसहायता समूह की महिलाओं को मुर्गी यूनिट प्रदान किया गया। कलेक्टर ने सभी महिलाओं का अच्छे से कार्य कर लाभ अर्जित करने के लिए प्रेरित किया।

### हरेली त्यौहार छत्तीसगढ़ की गौरवशाली संस्कृति की पहचान - कलेक्टर श्री अग्रवाल

### कलेक्टर सहित अन्य उपस्थित अतिथियो द्वारा लोक पारंपरिक व्यंजनों का उठाया गया लुत्फ

# स्वामी आत्मानन्द स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया हरेली तिहार

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

छत्तीसगढ़ का पहली त्यौहार जिसको हरेली तिहार या हरियाली तिहार कहा जाता है जिसे सावन महीने के अमावस्या को बड़े ही धूम धाम से पुरे प्रदेश में मनाया जाता है यह त्यौहार छत्तीसगढ़ की हरियाली, लोगो की खुशहाली और फसलो की समृद्धि का पर्व माना जाता है।



छत्तीसगढ़ी संस्कृति की पहचान, गाँव, खेत और किसान के मेहनत की पहचान को बखूबी दर्शाती है आज स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर, धरमजयगढ़ में छात्र छात्राओं के द्वारा शिक्षकों के मार्गदर्शन में तथा शासन के निर्देशानुसार इस कार्यक्रम को पुरे हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ मनाया गया कार्यक्रम की शुरुआत सबसे पहले आए हुए अतिथियों सुनील कुमार अग्रवाल अध्यक्ष शाला विकास एवं प्रबंधन समिति तथा सदस्यगण आरसी बंजारे, एमएल मेहर, उपाध्यक्ष नगर पंचायत धरमजयगढ़ टार्जन भारती , कंवलजीत सिंह कोमल, विकासखंड शिक्षाधिकारी एसएल सिदार तथा संस्था के प्राचार्य हकीम उल्ला खान एवं समस्त शिक्षकों की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ महतारी एवं मां सरस्वती के तेलचित्र पर मल्यार्पण, पूजा पाठ करके की गई साथ ही साथ हमारे खेती किसानी में काम आने वाले औजारों की भी पूजा अर्चना की गई छत्तीसगढ़ी व्यंजन ठेठरी, खुर्मी, चीला, फरा, बड़ा, सुहारी इन सभी का भोग लगाकर के माँ छत्तीसगढ़ महतारी के चरणों में प्रदेश की शुभकामना के लिए विनती किया गया अरपा पैरी के धार गीत की प्रस्तुति के बाद कार्यक्रम में आए हुए अतिथियो का स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात कक्षा 4 के छात्राओं पायल एवं ग्रुप के द्वारा धान के कटोरा, सुवा लहकत हे डार म गीत पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति से हुई। तत्पश्चात कक्षा वी के संध्या एवं ग्रुप की आगे हरेली तिहार, कक्षा 8 वी के आयशा एवं ग्रुप की सुवा गीत तरि हरी ना ना एवं हायरसेकण्ड्री के छात्र छात्राओं के द्वारा अद्भुत एवं मनमोहक मांदर की थाप में आदिवासी कर्मा नृत्य प्रस्तुत किया गया सान्वी, निहारिका के द्वारा छत्तीसगढ़ी और इंग्लिश में हरेली तिहार के महत्ता पर प्रकाश डाला गया जिसकी उपस्थित अतिथियों ने भूरी भूरी प्रशंशा की कार्यक्रम की समाप्ति पर छात्र छात्राओं के द्वारा गेड़ी दौड़ किया गया अतिथियों द्वारा हरियाली को बचाने का सन्देश देने हेतु स्कूल परिसर में वृक्षारोपण कार्य भी किया गया अंत में प्राचार्य ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सबका आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की इस कार्यक्रम में अतुल, राकेश रोशन, उनीत, कांताप्रसाद, रितेश, सुनील सर एवं सुश्री नीलिमा, स्वप्ना मेम और समस्त स्टाफ उपस्थित रहे ।

एक नजर

## कुनकुरी के ढोढ़ीडांड एवं दुलदुला के रायडीह व केराडीह गौठान में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया हरेली त्यौहार

गौठानों में परंपरागत तरीके से कृषि उपकरणों की गई विधिवत पूजा अर्चना





**जशपुरनगर।** कलेक्टर श्री रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में पूरे जिले में आज राज्य के पारंपरिक त्यौहार हरेली को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसी कड़ी में आज कुनकुरी विकासखंड के ढोढ़ीडांड गौठान एवं दुलदुला के रायडीह व केराडीह में परंपरागत तरीके से कृषि उपकरणों की विधिवत पूजा अर्चना कर हरेली त्यौहार मनाया गया। इस अवसर पर एसडीएम श्री रवि राही, संबंधित जनपद सीईओ, जनप्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। हरेली पर्व के अवसर पर गौठानों में गेड़ी दौड़, कुर्सी दौड़ सहित विविध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही समूह की महिलाओं द्वारा पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजन भी तैयार किए गए। इन प्रतियोगिताओं में बच्चे, युवाओं सहित पूरे ग्रामवासी बड़े उत्साह पूर्वक शामिल हुए। साथ ही गौठानों में पौधरोपण भी किया गया।

## कुनकुरी एसडीएम ने गोठान और दुलदुला के स्वामी आत्मानंद स्कूल का किया निरीक्षण







**जशपुरनगर।** कलेक्टर श्री रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में कुनकुरी एसडीएम श्री रवि राही ने ग्रामपंचायत वासुदेवपुर, विपतपुर, पतराटोली, चंपाटोली और स्वामी आत्मानंद स्कूल दुलदुला का निरीक्षण किया और समूह की महिलाओं को गोबर खरीदी बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने गोठान के बकरी शेड, आजीविका शेड को शीघ्र पूर्ण करने के लिए कहा है।

## गोवंश की तस्करी करते एक व्यक्ति पकड़ाया

**रामानुजगंज** । पिकअप वाहन में गोवंश लेकर जा रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कार्रवाई की गई है। पिकअप में 7 नग गाय, बैल, बछड़ा भरा हुआ था जिसे झारखंड में बूचडखाना ले जाया जा रहा था। पुलिस ने छत्तीसगढ़ कृषक पशु परीक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4,6,7,10 एवं 11 (1) घ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया वही मामले में तस्कर को गिरफ्तार किया गया वहीं एक अन्य आरोपी ड्राइवर फरार है जिसकी पुलिस तलाश रही है।

मिली जानकारी के अनुसार बीती रात बलरामपुर की ओर से तेज रफ्तार में पिकअप वाहन शॉर्टकट में रामानुजगंज के मुख्य बाजार वार्ड क्रमांक 12 से होकर तेज रफ्तार से जारी थी जब इसे भाजयुमो नेता अश्वनी गुप्ता अपने साथी सामाजिक कार्यकर्ता आकाश तिवारी एवं अकाश गुप्ता के साथ देखा तो तत्काल पिकअप वाहन का पीछा किया तो उसमें गोवंश ठूस ठूस कर भरा था देखते के साथ इसकी सूचना पुलिस को दी गई तत्काल पुलिस आरटीओ नाका के पास पिकअप वाहन को गोवंश के सहित थाने में लाया गया एवं ड्राइवर मोहम्मद अली पिता नासिर अंसारी उम्र 60 वर्ष थाना चैनपुर मौका देख कर फरार हो गया वही गोवंश की तस्करी कर रहे हैं मुस्तफा अंसारी पिता मन्नान अंसारी उम्र 23 वर्ष थाना रामगढ़ को गिरफ्तार कर लिया गया है। सब इंस्पेक्टर मनोज सिंह ने बताया कि गोवंश को झारखंड के बूचडख़ाने ले जाए जाने की सूचना पर तत्काल मौके पर पुलिस पहुंची एवं तस्करी कर रहे ड्राइवर एवं तस्कर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है गौ तस्करी कर रहे व्यक्ति को हिरासत में ले लिया गया है वहीं ड्राइवर फरार है उसे भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

भाजयुमो नेता अश्वनी गुप्ता ने कहा कि तस्कर राजपुर बलरामपुर क्षेत्र से राष्ट्रीय राजमार्ग से होते झारखंड के बूचडख़ाने में लंबे समय से गोवंश की तस्करी कर रहे हैं परंतु उनकी सेटिंग इतना तगड़ा है कि वह पकड़ में नहीं आते हैं अश्विनी गुप्ता ने कहा कि जब रात में हम लोग घर जा रहे थे जितना स्पीड में पिकअप था हमें शक हुआ कि जरूर कुछ गलत है जिसके बाद में अपने साथियों के साथ पीछा किया तो उसमें गोवंश पुष्कर भरा था जिसकी तत्काल मैंने सूचना पुलिस को दी।

## बालाछापर गौठान में गौमूत्र खरीदी का किया गया शुभारंभ

कलेक्टर ने समूह की महिलाओं को गौमूत्र कीट नियंत्रक उत्पाद तैयार करने की विधि बताई

जोहार छत्तीसगढ़



**जशपुरनगर।** हरेली त्यौहार के अवसर पर आज जशपुर विकासखंड के बालाछापर गौठान में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना गौमूत्र खरीदी का जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती सावित्री सिंह ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य श्री अमित महतो, कलेक्टर श्री रितेश कुमार अग्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जितेन्द्र यादव, सरपंच एवं स्व-सहायता समूह की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थी। कलेक्टर ने समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि राज्य में कृषि की लागत को कम करने तथा जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए सार्थक प्रयास किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में रासायनिक उर्वरकों के विकल्प के रूप में जैविक खाद की उपलब्धता और

### बालाछापर में धूम-धाम से हरेली त्यौहार मनाया गया

इसके उपयोग के प्रभावी परिणामों को देखते हुए अब रासायनिक कीटनाशकों का खेती में उपयोग कम करने के उद्देश्य से गौमूत्र कीट नियंत्रक उत्पाद तैयार कर किसानों को सस्ते दर पर उपलब्ध कराने की प्रभावी पहल शुरू की गई है। समूह की महिलाएं गोठान से जुड़कर तेल पेराई, मुर्गी पालन, बकरी पालन, गोबर खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाने के साथ अन्य गतिविधियों में शामिल होकर आर्थिक लाभ ले रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को गांव में ही आर्थिक मजबूती देने के लिए गोठान को मिनी उद्योग के रूप में विकसित किया गया है। महिलाएं इसमें अपनी अधिक से अधिक सहभागिता निभाएं। पशु पालन विभाग के पशु चिकित्सक श्री विकास कुमार ने समूह की महिलाओं को गौमूत्र से जैविक कीटनाशक बनाए जाने की विधि के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 10 लीटर गौमूत्र में 2 से 3 किलोग्राम नीम पत्ती, 2 किलोग्राम सीताफल की पत्तियां, 2 किलोग्राम पपीता की पत्तियां, 2 किलोग्राम अमरूद की पत्तियां, 2 किलोग्राम करंज की पत्तियां को उबालकर उसे छानने के उपरांत बोतल में पैकिंग किया जाता है।



## टीबी मुक्त छत्तीसगढ़ का लक्ष्य लेकर ग्राम गोबरा पहुंचे टीबी चैंपियन

**दुर्ग** । छत्तीसगढ़ को साल-2023 तक टीबी मुक्त करने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए जिले में भी हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन व विशेषकर टीबी चैंपियन के माध्यम से शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में लगातार जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कई जगहों पर टीबी रोग से बचाव के लक्षणों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है तो कहीं टीबी रोग के लक्षण आने पर बलगम की जांच कराने की सलाह दी जा रही है। टीबी (क्षय) रोग पर नियंत्रण के उद्देश्य से जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में सघन सर्वे अभियान भी चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत टीबी रोग के संभावित मरीज को चिन्हित करने के लिए सभी आयु वर्ग के लोगों की जांच की जा रही है। रोग की पुष्टि होने की स्थिति में नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में पीड़ित का उपचार शुरू कराया जाएगा। इस पूरे कार्यक्रम की सफलता के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि की अगुवाई में टीबी चैंपियन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व मितानिन की टीम गांव व शहर में संभावित टीबी रोग के लक्षण से ग्रसित लोगों के घर पहुंच रही है और जांच के लिए सैंपल संग्रह किया जा रहा है। इसी बीच सरपंच मोगरा बाई निषाद की अगुवाई में टीबी चैंपियन लालेंद्र साहू, खुशबू साहू और राजेश देशलहरे की एक टीम ने धमधा ब्लॉक के ग्राम गोबरा (पेंड्री) स्थित हाई स्कूल और ग्राम पंचायत में भी टीबी रोग के कारणए लक्षण तथा इससे बचाव के उपायों की जानकारी देने के लिए जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। उन्होंने ग्रामीणों से भेंटकर साल 2023 तक जिले को टीबी मुक्त करने के लक्ष्य पर आधारित व्यापक चर्चा की।

## धरमजयगढ़ नीचे पारा में होशंगाबाद से आये व्यक्ति से मारपीट

दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र में मध्यप्रदेश के होशंगाबाद क्षेत्र से आये एक व्यक्ति के साथ दो अज्ञात स्थानीय युवकों के द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है।




इस घटना की सूचना पर पुलिस ने दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि वह सड़क निर्माण कार्य में लगे मजदूरों के लिए धरमजयगढ़ के नीचेपारा में स्थित कैम्प में खाना बनाने का काम करता है। पीड़ित ने रात में नीचेपारा के एक पेट्रोल पंप के सामने स्थित कैम्प के सामने सो रहा था। उसी दौरान रात करीब एक बजे दो युवक वहां आये और पत्नी से बातचीत करने की बात पर नाराजगी जाहिर कर उसकी पिटाई कर दी। प्रार्थी ने बताया कि वह दोनों आरोपियों का नाम नहीं जानता लेकिन उन्हें पहचानता है। इस घटना में प्रार्थी को चोटें आईं हैं। वहीं प्रार्थी की रिपोर्ट पर दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत धर्मजयगढ़ थाने में केस दर्ज कर लिया गया है।

## अग्रसेन पब्लिक स्कूल में स्थापना दिवस पर हुये रंगारंग कार्यक्रम

जोहार छत्तीसगढ़







**कोरबा।** श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल में 31 वां स्थापना दिवस मनाया गया स्थापना दिवस के अवसर पर मंचीय कार्यक्रमों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों भी अयोजित किये गये ।

श्री अग्रसेन पब्लिक स्कुल ने 31 वां स्थापना दिवस मनाया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल उपस्थित हुये कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती व महाराज अग्रसेन की पूजा अर्चना व दीपप्रज्जवलन के साथ कि गई। इस अवसर पर विद्यालय के द्वारा शाला नायक व शाला प्रतिनिधियों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के द्वारा शपथ ग्रहण कराई श्री अग्रसेन शिक्षण समिति स्कुल के अध्यक्ष जयराम बंसल के द्वारा अपने उदबोधन में कहा कि 31 वर्ष पूर्व अग्रवाल सभा के द्वारा बच्चों कि शिक्षा संबंधीत निर्णय लिया गया बहुत ही कम समय में विद्यालय का निर्माण कार्य कराया गया हम चाहते है विद्यालय कोरबा में अपना अग्रम स्थान बनाये। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजकुमार अग्रवाल ने अपने उदबोधन में कहा कि विद्यालय के 31 वां स्थापना दीवस के हार्दिक बधाई दी विद्यालय लगातार प्रगति कर रहा है समाज के द्वारा विद्यालय अपनी पहचान बनाये हुये है विद्यालय में लगातार बच्चों कि वृद्धि हो रही है विद्यालय के विकास में यह के कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान व उनके मेहनत है वे भी बच्चों कि पढ़ाई व उनके बोद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है इसके साथ ही श्री अग्रवाल ने कहा कि बच्चों अपनी सहयोग से हम कई तरह की सफलता हासिल कर सकते है सहयोग से ही हमें सफलता निश्चित हो जाती है और जीवन में उन्नति का मार्ग पर चल सकते है कार्यक्रम में कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं में विद्यालय में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान आने वाले विद्यार्थीयों को पुरूस्कार भी प्रदान किये गये साथ ही अपने महत्वपूर्ण संदेशों के साथ में लेकर नाटक व सास्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई विद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर विद्यालय के पूर्व छात्र एवं छात्राऐं भी उपस्थित होकर विद्यालय कि खुशी में शामिल हुये, इस अवसर पर अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष महावीर प्रसाद अग्रवाल अग्रवाल सभा के शिव अग्रवाल बजरंग अग्रवाल जितेन्द्र अग्रवाल सतीश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल व श्री अग्रसेन शिक्षा समिति स्कुल/कालेज के मुकेश गोयल, भगवानदास अग्रवाल, गजानंद अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल, श्रीमति भगवती अग्रवाल, मधु डिडवानीया, जगदीश अग्रवाल, अग्रवाल महिला मंडल के अध्यक्षा श्रीमति आभा अग्रवाल एवं महिला मंडल पदाधिकारी श्री अग्रसेन गौ सेवा समिति के अध्यक्ष नरेश भोपालपुरिया, व युवा मंडल के अध्यक्ष राहूल सिंघल इस अवसर पर विद्यालय के मीना सोनी एवं शिक्षक व शिक्षकाऐं व भारी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in